
नई दिल्ली
नई दिल्ली, सोमवार 14 अक्टूबर 2019
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 23, अंक : 208
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 19.1

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



11 संजय के दो गोल से भारत की न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत

विचार पेज
08 आखिर कहां जाएं शरणार्थी







## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम पर 3 करोड़ फॉलोअर्स के साथ दुनिया में नंबर 1 पर मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इसी क्रम में पीएम ने एक और मील का पत्थर पार कर लिया, जब इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 3 करोड़ को पार कर गई। वह दुनिया में सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले लीडर्स में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी इसके साथ ही इंस्टाग्राम पर सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले राजनेता बन गए हैं। पीएम मोदी के 30 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इंस्टाग्राम पर अब पीएम मोदी से पीछे इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो हैं जिनके 25.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### एशियाई संसदीय सभा की बैठक में थरूर ने की पाक की निंदा



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि थरूर ने रविवार को ब्रेल्ग्रेड में एशियाई संसदीय सभा की बैठक में पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाने पर उसकी आलोचना की और कहा कि वह भारत के आंतरिक मामले का संदर्भ देकर मंच के राजनीतिकरण का प्रयास कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि अंतर संसदीय संघ की वार्षिक बैठक से इतर एशियाई संसदीय सभा में थरूर ने पाकिस्तानी सीनेट के अध्यक्ष के एक पत्र की निंदा की।

## नजरिया



प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भरी हुंकार

अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर एक बार फिर विपक्ष को घेरा

### देशहित के फैसलों पर कुछ दलों और नेताओं का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण

# कश्मीर, लद्दाख जमीन का टुकड़ा नहीं बल्कि देश का ताज हैः मोदी

एजेंसी ▶▶ जलगांव

महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये जलगांव में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर एक बार फिर विपक्ष को घेरा और चुनौती दी कि वे अपने घोषणा-पत्र में इसके रद्द प्रावधानों को बहाल करने की घोषणा करें। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि अनुच्छेद 370 पर विपक्ष पड़ोसी देश की जुबान बोल रहा है। मोदी ने कहा कि भारत के हित में लिए गए फैसलों का कुछ पार्टियों और नेताओं द्वारा विरोध किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार ने पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करते हुए राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू कश्मीर और लद्दाख) में विभाजित कर दिया था। इस संदर्भ में मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उनके लिए जमीन का टुकड़ा भर नहीं है बल्कि ये दोनों इस देश का ताज हैं।



### ट्रेलर के बाद फिल्म दिखाएगी जनताः मोदी

महाराष्ट्र के भंडारा जिले के सकोली में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'बांटो और राज करो' की राजनीति अब अतीत का हिस्सा हो चुकी है। जनता ने 2014 में इसका ट्रेलर दिखा दिया था और इस बार पूरी फिल्म दिखाएगी। जो काम करेगा उसको ही आपका विश्वास मिलेगा, यह अब सिद्ध हो चुका है।

### 56 इंच के सीने वाले ने वो किया जो पिछले किसी पीएम ने नहीं कियाः शाह



**कोल्हापुर।** अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पिछली सरकारों ने जम्मू-कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ने में '56 इंच के सीने वाले व्यक्ति' जैसा साहस कभी नहीं दिखाया। महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कोल्हापुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि लोगों को कांग्रेस और राकांपा के नेताओं से यह पूछना चाहिए कि क्या वे जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाये जाने संबंधी राजग सरकार के निर्णय का समर्थन करते हैं।

### हरियाणा चुनावः भाजपा का घोषणा पत्र जारी

# किसानों और युवाओं पर दिया गया विशेष ध्यान




एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

- किसानों को तीन लाख रुपये तक बिना ब्याज के फसल लोन देने का किया जिक

हरियाणा विधानसभा के 21 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अपना घोषणा-पत्र जारी किया और कहा कि यह एक "संकल्प पत्र" है जो समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र' बताते हुए वादा किया कि सत्ता में आने पर अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले लोगों को बिना गारंटी के तीन लाख रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा। घोषणा पत्र में किसानों को तीन लाख रुपये तक बिना ब्याज के फसल लोन देने का भी जिक्र है। भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक संकल्प पत्र है। यह गंभीर और अध्ययन के बाद तैयार किया गया दस्तावेज है।

### ओड़िशा में एक कार्यक्रम के दौरान बोले भागवत

# भारत हिंदुओं का देश है इसीलिए मुसलमान सुखी



- पारसी और यहूदी धर्म भी भारत में सुरक्षित
- संपूर्ण देश एक तार में बंधा हुआ है

**भुवनेश्वर।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस किसी समुदाय से नफरत नहीं करता। ओड़िशा के भुवनेश्वर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि भारत हिंदुओं का देश है, इसीलिए सभी धर्म यहां सुरक्षित हैं। दुनिया का सबसे सुखी मुसलमान भारत में मिलेगा। पारसी और यहूदी धर्म भी भारत में सुरक्षित हैं। भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत को भविष्य की ओर ले जाने का है और इसके लिए हिंदुओं को बदलना नहीं, बल्कि पूरे समाज को संगठित करना होगा। नौ दिन के दौरे पर ओडिशा पहुंचे भागवत शनिवार को बुद्धिजीवियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने कहा कि मेरी इच्छा है कि संघ से इस बात का ठप्पा हट जाए कि वह समुदाय विशेष का संगठन है।


### भारत ने घर में जीती लगातार 11वीं टेस्ट सीरीज




**पुणे।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को महाराष्ट्र क्रिकेट संघ मैदान पर खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को एक पारी और 137 रनों से हरा दिया। भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 601 रनों पर घोषित कर दी थी। इसके बाद उसने मेहमान टीम की पहली पारी 275 रनों पर समेटकर उसे फॉलोऑन के लिए बाध्य किया। चौथे दिन मेहमान टीम फॉलोऑन के लिए उतरी और 189 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस मैच के साथ ही भारतीय टीम ने अपने घरेलू मैदान पर लगातार 11वीं टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की।

जो वर्ल्ड रेकॉर्ड है। भारत को 2012/13 से अब तक कोई टीम घर में टेस्ट सीरीज में नहीं हरा पाई है।

### पीएम की भतीजी से पर्स लूटने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली(न्यूज)।** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने प्रधानमंत्री की भतीजी दमयंती बेन के साथ हुई लूट के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम गौरव उर्फ नोनू (21) है, जबकि दूसरे आरोपी का आकाश उर्फ बादल (20) है।
पुलिस ने आरोपी आकाश के पास से 56 हजार रुपये, दो मोबाइल और लूटे गए कुछ डोकोमेंट के अलावा वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस की मानें तो वारदात को अंजाम देने के बाद जब आरोपियों को पता चला कि उन्होंने प्रधानमंत्री की भतीजी के साथ वारदात को अंजाम दे दिया है तो दोनों बुरी तरह डर गए।



### केंद्र सरकार ने सुरक्षा बलों को दिया आदेश

# अब पाकिस्तानी ड्रोन को किया जाएगा तबाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- जम्मू-कश्मीर और पंजाब से सटी सीमा पर बीएसएफ जवान किए गए तैनात
- कई बार सीमा पर पाक ड्रोन को उड़ते देखा जा चुका है

पाकिस्तान से सटी सीमा पर तैनात भारतीय सुरक्षा बलों को पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने की केंद्र सरकार से मंजूरी मिल गई है। अगर अब सीमा पर पाकिस्तान का ड्रोन 1000 फुट की ऊंचाई पर उड़ता दिखता है, तो भारतीय सुरक्षा बल उसको मार गिरा सकेंगे। हाल ही में पाकिस्तानी सेना की मदद से आतंकी संगठनों के ड्रोन के जरिए पंजाब में हथियारों और ड्रग्स की सप्लाई करने का मामला सामने आया था, जिसके बाद भारतीय सुरक्षा बलों को सीमा पर पाकिस्तान के ड्रोन को मार गिराने की मंजूरी मिली है। जम्मू-कश्मीर और पंजाब से सटी पाकिस्तानी सीमा पर भारतीय सेना और बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवान तैनात हैं। बीएसएफ के जवाब कई बार सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन को उड़ते देख चुके हैं। कई बार पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय हवाई क्षेत्र में भी घुसपैठ भी कर जाते हैं। बता दें कि हाल के दिनों में जम्मू कश्मीर से लगती सरहद पार करने की कोशिशें लगातार असफल रहने के बाद पाकिस्तान पंजाब के रास्ते हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।

### पाक ने संघर्षविराम का उल्लंघन, एक जवान शहीद

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से की गई गोलीबारी में रविवार को सेना का एक जवान शहीद हो गया। सेना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में बिना उकसावे के भारतीय चौकियों पर गोलीबारी करके संघर्षविराम का उल्लंघन किया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में घायल सेना के जवान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। भारतीय सेना इस गोलीबारी का माकूल जवाब दे रही है।




**किरायेदार भी मीटर लगवायें और 200 यूनिट बिजली फ्री पायें**
**मकान मालिक से NOC की जरूरत नहीं**

## मुख्यमंत्री किरायेदार बिजली मीटर योजना के मुख्य बिंदु :

1. ये मीटर प्रीपेड होंगे
2. मीटर लगवाने के लिए किरायेदार को केवल दो दस्तावेज देने होंगे:
   - रेंट/लीज एग्रीमेंट या नवीनतम तीन महीनों की रेंट स्लिप
   - आई.डी. प्रूफ
3. मकान मालिक से NOC की जरूरत नहीं
4. आप निम्नलिखित नंबर पर फोन कीजिये। आपके घर आकर मीटर लगा दिया जायेगा।
   - BSES यमुना: 19122
   - BSES राजधानी: 19123
   - टाटा पॉवर: 19124
5. शुल्क:
   - सिक्यूरिटी ₹ 3000 (रिफंडेबल)
   - 5KW तक: ₹ 3000 + 18% GST

24 घंटे बिजली
सबसे सस्ती बिजली*

## मकान मालिक बिल्कुल चिंता न करें

मकान मालिक इस बात की बिल्कुल चिंता ना करें कि इस मीटर की वजह से किरायेदार मकान पर कब्जा कर लेगा। ये मीटर "मुख्यमंत्री किरायेदार बिजली मीटर योजना" के तहत लगाया जा रहा है। मीटर पर स्टीकर होगा की ये किरायेदारों का मीटर है।



ऊर्जा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने की घर में साफ पानी की जांच

**नई दिल्ली।** डेंगू के खिलाफ महाअभियान के सातवें रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दस हफ्ते-दस बजे-दस मिनट अभियान के तहत अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ घर में साफ पानी की जांच की। दोनों ने मिलकर घर में जमा साफ पानी को बदला। जिसके बाद सीएम ने ट्वीट कर लोगों से अपील की कि तीन सप्ताह और बचें हैं। इन तीन रविवार को घर में साफ पानी की जांच कर परिवार को डेंगू के खतरे से पूरी तरह मुक्त करें। सीएम की अपील पर भारी संख्या में लोग भी डेंगू के खिलाफ अभियान में शामिल हुए। सीएम का कहना है कि दिल्ली नगर निगम मुख्यालय के अनुसार इस हफ्ते डेंगू के सिर्फ 74 ताजा मामले ही सामने आए हैं। इस साल अक्टूबर के पहले सप्ताह तक यह आंकड़ा 356 तक ही पहुंचा है। 2018 में इस समय तक 650 मामले सामने आ चुके थे।

### खुदकुशी की प्रवृत्ति की पहचान के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) में मनोविज्ञान के छात्रों को आत्महत्या की प्रवृत्ति की पहचान करने और 'आत्महत्या के प्रयासों' को रोकने के लिए प्राथमिक मनोवैज्ञानिक उपचार मुहैया कराने का प्रशिक्षण दिया गया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस बारे में बताया। कुलपति अनु सिंह लाठर ने बताया कि विश्वविद्यालय का स्कूल ऑफ ह्यूमन स्टडीज आत्महत्या वाले व्यवहार के बारे में अपने छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। उन्होंने बताया कि मनोविज्ञान के छात्रों को आत्महत्या के संकेतकों की पहचान के लिए जरूरी कौशल से प्रशिक्षित किया जा रहा। इसके अंतर्गत प्राथमिक मनोवैज्ञानिक उपचार मुहैया कराने तथा खुदकुशी के प्रयास व ऐसी घटनाओं से रोकने के लिए उन्हें तैयार किया जा रहा है।

### आज किसान करेंगे डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में अलीपुर डीएम कार्यालय के अंतर्गत आने वाले दस गांवों के किसान अपनी मांगों को लेकर आज सोमवार को डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। संघ के नरेला जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली सरकार जल संरक्षण के नाम पर किसानों की खड़ी फसलों को उजाड़ने को आतुर है। इसके लिए डीएम प्रशासन पहले दो बार अवगत कराया गया है और अपनी अन्य मांगे भी सामने रखी हैं लेकिन प्रशासन का सकारात्मक रुख सामने नहीं आया है। इसे देखते हुए किसान प्रदर्शन करेंगे।

## पिछले चार दिन में बढ़ी पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं

# दिल्ली-एनसीआर में छाई धुंध

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली एनसीआर से सटे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अक्टूबर के पहले सप्ताह में पराली जलाने की घटनाएं पिछले साल की तुलना में कम होने के बावजूद पिछले चार दिनों में पंजाब में ये घटनाएं बढ़ने से दिल्ली धुंध के घेरे में आ गई है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ कृषि मंत्रालय द्वारा साझा किये गये आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल एक से आठ अक्टूबर की तुलना में इस साल दिल्ली के तीनों पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में 58 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गयी है। वहीं, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों के मुताबिक पंजाब में 12 अक्टूबर तक पराली जलाने की 630 घटनाएं दर्ज की गई हैं। पिछले साल इस अवधि में इनकी संख्या 435 थी। पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारी के अनुसार दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में पराली जलाने के अलावा वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले अन्य कारणों पर सख्त निगरानी तेज कर दी है। इसके लिये केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 47 निगरानी दल दिल्ली में और पंजाब सरकार द्वारा तैनात लगभग 6000 कर्मचारी वायु प्रदूषण रोकने के लिये निरंतर निगरानी कर रहे हैं।



### कुछ इलाकों में हवा की गुणवत्ता हुई 'बहुत खराब'

दिल्ली के कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गयी है। दिल्ली एनसीआर में रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 245 पर पहुंच गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिहाज से संवेदनशील माने गये आनंद विहार और बवाना सहित कुछ अन्य इलाकों में सूचकांक 300 अंक को पार कर गया, जिसे 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक पर आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता 327 अंक तक पहुंच गयी, जबकि वजीरपुर में यह 323, विवेक विहार में 317, मुंडका में 309, बवाना में 302 और जहांगीरपुरी में 300 के स्तर पर थी।

### 11 अक्टूबर से बिगड़ी हवा की गुणवत्ता, बढ़ी चिंता

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर के शुरुआती आठ दिनों की तुलना में इस साल पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 60 प्रतिशत, हरियाणा में 48 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 75 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई इसके बावजूद दिल्ली में 11 अक्टूबर से हवा की गुणवत्ता में गिरावट ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं को बढ़ा दिया है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि नौ अक्टूबर के बाद पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में तेजी से हुये इजाफे के कारण रविवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 245 पर पहुंच गया।

### नासा के उपग्रह से मिल रही है आग की तस्वीरें

दस अक्टबूर को नासा की उपग्रह आधारित तस्वीरों के आधार पर पंजाब में आग लगाये जाने वाले 23 स्थानों को चिन्हित किया गया था। पंजाब के कृषि सचिव एस के पन्नू ने स्पष्ट किया कि उपग्रह की तस्वीरों के आधार पर चिन्हित किये गये आग वाले स्थानों में पराली के अलावा श्मशान घाटों और कचरा घरों सहित अन्य सभी प्रकार की आग की घटनायें शामिल होती है। इसलिये उपग्रह तस्वीर में दर्शायी गए आग वाले सभी स्थानों को पराली जलाने की घटनाओं से नहीं जोड़ा जा सकता है। पन्नू ने 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक की अवधि को वायु प्रदूषण के लिहाज से बेहद संवेदनशील बताते हुये आने वाले दिनों में स्थिति को नियंत्रित करने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में अक्टूबर के पहले सप्ताह तक फसल अपशिष्ट जलाने की घटनायें लगभग नगण्य रहीं। उन्होंने बेहतर निगरानी तंत्र के हवाले से दावा किया कि इस साल पराली जलाने की घटनाओं का समग्र आंकड़ा पिछले साल की तुलना में कम रहेगा।

### 'प्रदूषण पर की गई मेहनत हो जाएगी शून्य साबित'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पिछले चार दिन में दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में तेजी से हुई गिरावट पर दुख व्यक्त करते हुये रविवार को कहा कि प्रदूषण के मोर्चे पर अब तक की मेहनत से जो कुछ हासिल किया था, वह सब शून्य साबित हो जायेगा। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी के हवाले से केजरीवाल ने कहा कि अब दिल्ली के लिये हमें बहुत कुछ करने की जरूरत है और हम इसके लिये भरपूर कोशिश भी कर रहे हैं। लेकिन पराली जलाने से रोकने के लिये अन्य एजेंसियों को भी एकजुट होकर काम करने की जरूरत है।


### मौसम संबंधी गतिविधियां से भी होती है हवा की गुणवत्ता प्रभावित: तोमर

कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी गत शुक्रवार को दिल्ली एनसीआर के सभी राज्यों में किसानों को पराली जलाने के विकल्प मुहैया कराये जाने और निगरानी तंत्र मजबूत बनाने का हवाला देते हुये आने वाले दिनों में पराली जलाने की घटनाओं में गिरावट आने का दावा किया था। पर्यावरण मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर में दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में गिरावट के लिये मौसम संबंधी गतिविधियां भी एक वजह होती हैं। इनमें मानसून की वापसी के बाद हवा की गति और तापमान में गिरावट के कारण वायु प्रदूषण के लिये जिम्मेदार पार्टिकुलेट तत्वों की वायुमंडल में मौजूदगी बढ़ जाती है।

## प्रदूषण मामले पर भाजपा और आप आमने-सामने

### सांकेतिक विरोध जता भाजपा ने बांटे मास्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण मामले पर दिल्ली भाजपा और आम आदमी पार्टी आमने सामने हैं। एक तरफ जहां दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने जहां दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए कनाट प्लेस के सेंट्रल पार्क में लोगों को मास्क बांट कर दिल्ली सरकार का प्रदूषण नियंत्रण न कर पाने का सांकेतिक विरोध किया। दिल्ली भाजपा के अनुसार सेंट्रल पार्क में मास्क लेने वालों का तांता लगा रहा और लोगों ने दिल्ली सरकार विरोधी नारे लगाए। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेश भाटिया, मीडिया सह-प्रभारी नीलकांत बक्शी उपस्थित थे। इस दौरान अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि प्रदूषण रोकने में केजरीवाल सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को भाग्य के भरोसे छोड़ दिया, इसलिए बढ़ते प्रदूषण से लोगों का दम घुटने लगा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण सुबह लोग सैर करने की जगह घर में ही रहना पसंद कर रहे हैं। बच्चे सुबह मास्क लगाकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। नौकरीपेशा लोग इस बढ़ते प्रदूषण में आफिस जाने के लिए विवश हैं।



### नौटंकी बंद करे भाजपा : संजय

**नई दिल्ली।** आप के सांसद संजय सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा वालों, नौटंकी बंद करो। दिल्ली सरकार सभी दिल्लीवासियों के घर मास्क भिजवा रही है और केंद्र सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है। केंद्र को बोलो कि वो हरियाणा और पंजाब में फसल जलने को रोके। उस से प्रदूषण कम होगा। नौटंकी करने से नहीं होगा। भाजपा वाले प्रदूषण से खुश हो रहे। वह मास्क बांटने की नौटंकी कर रहे। मास्क बांटना है तो हरियाणा में बांटो। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर बताए कि रोक के बाद भी हरियाणा में पराली कैसे जल रही है। सीएनजी वाहनों की जहां तक बात है, पिछली बार भाजपा के लोगों ने फर्जी स्टीकर लगाकर गाड़ी चलवाई। यह जानकारी है। इसी कारण व्यावसायिक वाहनों को नहीं रोका। भाजपा सिर्फ नौटंकी कर रही है।



## डीजल वाहनों का पंजीकरण: आदेश की समीक्षा से एनजीटी का इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के डीजल वाहनों के पंजीकरण की इजाजत नहीं दिये जाने के उसके फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया गया। एनजीटी प्रमुख न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश के मद्देनजर इजाजत नहीं दी जा सकती कि दिल्ली में किसी नए डीजल वाहन का पंजीकरण नहीं हो सकता। पीठ ने कहा कि बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने निजी कारों और कुछ शर्तों के साथ 2000 सीसी इंजन क्षमता वाली एसयूवी को डीजल वाहनों के पंजीकरण की इजाजत दी थी। हरित अधिकरण ने कहा कि यद्यपि उसने उन मामलों में छूट दी थी जहां जन सुविधा जुड़ी थी, ऐसे आदेश हमेशा पारित नहीं किये जा सकते जिससे वे नियम बन जाएं। पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट कर दिया गया था कि ऐसे किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा क्योंकि ऐसा करना सर्वोच्च अदालत और इस अधिकरण के आदेश के खिलाफ होगा। अधिकरण दिल्ली छावनीबोर्ड द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उसने दिल्ली परिवहन विभाग को यह निर्देश देने की मांग की थी कि वह डीजल इंजन वाले पानी के ट्रकों और एसपीजी के एक्स-रे बैगेज जांच प्रणाली लगे एक वाहन के पंजीकरण को मंजूरी दे।



## दमकल विभाग को तंग गलियों में आग बुझाने के लिए मिलेंगे हाई-टेक उपकरण


■ 30 करोड़ रुपये की लागत की सात मशीनों को किया जाएगा शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तंग गलियों में आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को जल्द ही उच्च तकनीक एवं प्रौद्योगिकी से लैस उपकरण मुहैया कराये जाएंगे। इन आधुनिक उपकरणों से दमकल कर्मियों के समक्ष पेश आने वाले खतरे भी कम होंगे और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में इमारतों की ऊंची मंजिलों पर फंसे लोगों को कहीं अधिक तेजी से बचाने में मदद मिलेगी। इन उपकरणों में एक 'टर्नटेबल' सीढ़ी (हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म), चार 'मल्टी आर्टिक्युलेटेड वॉटर टॉवर' और दो रिमोट नियंत्रित अग्नि शमन मशीनें शामिल हैं। इन उन्नत उपकरणों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ये मशीनें ऐसे समय में दिल्ली दमकल विभाग को मुहैया कराई जा रही है, जब राष्ट्रीय राजधानी में इस साल आग लगने की कई घटनाएं हुई हैं। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 30 करोड़ रुपये की लागत की सात मशीनों को विभाग में शामिल किया जाएगा। दमकल विभाग के निदेशक विपिन केंटल ने कहा कि 'मल्टी आर्टिक्युलेटेड वॉटर टॉवर' और रिमोट नियंत्रित अग्नि शमन मशीनें पहली बार खरीदी जा रही है। 'वॉटर टॉवर' मशीन तंग गलियों में आसानी से जा सकती हैं और 360 डिग्री मुड़ सकती है। यह आग लगने की स्थिति में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दमकल कर्मियों की मदद करेगी। केंटल ने कहा कि इस उपकरण का सबसे बड़ा फायदा यह है कि करोल बाग और चांदनी चौक जैसे इलाकों में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डीएमआरसी के जरिए 'टर्नटेबल' सीढ़ी खरीदी जाएगी क्योंकि यह सरकारी ऑनलाइन मंच 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' पर उपलब्ध नहीं है। दमकल विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि इन उपकरणों को डीएमआरसी के जरिए खरीदा जाएगा क्योंकि उसके पास वैश्विक निविदाओं की विशेषज्ञता है। बता दें कि फरवरी में मध्य दिल्ली के करोल बाग स्थित चार मंजिला एक होटल में आग लगने से 17 लोगों की जान चली गई थी और अन्य 35 लोग घायल हुए थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में डीटीसी बसों का अभाव, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी ग्रामीण दिल्ली में डीटीसी परिवहन सेवा का घोर अभाव होने के चलते करीब 60 लाख आबादी को हर रोज परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीण परिवहन विकास मंच (उत्तर पश्चिमी) की रविवार को गांव मुबारकपुर डबास में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था के लिए दिल्ली सरकार को पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया गया। मंच के महासचिव विजेंद्र डबास ने बताया कि पिछले 5 साल में डीटीसी की एक भी नहीं बस नहीं खरीदी, जिसके चलते सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूर्णता लचर हो गई है। पर्याप्त परिवहन व्यवस्था न होने से प्रत्येक वर्ष सड़कों पर 7 प्रतिशत वाहन बढ़ रहे हैं जिससे प्रदूषण का स्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट के 10 वर्ष पूर्व दिए गए आदेश के मुताबिक उस समय 11 हजार बसें होनी चाहिए थीं, परंतु अब डीटीसी व क्लस्टर की बसें मिलाकर कुल 5485 बसें हैं जिनमें से करीब 10 प्रतिशत बसें सड़कों पर आती ही नहीं है। मंच ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से मांग की है कि वह रानीखेड़ा के तीनों व बवाना के दोनों डिपो से जल्द से जल्द परिवहन सेवाएं शुरू कराए।



### रात में कम हो जाती हैं बसें

आजादपुर से नरेला क्षेत्र को जोड़ने वाली बस सेवाओं की संख्या रात नौ बजे बाद कम हो जाती है। जिसके चलते यात्रियों को मजबूरन अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। रात की बात कहकर संचालक मनमाना किराया भी वसूलते है।




## राजधानी में जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

# हर्षोल्लास से मनाई गई वाल्मीकि जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार को वाल्मीकि समाज और राजनैतिक पार्टियों ने महर्षि वाल्मीकि जयंती महोत्सव को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने वाल्मीकि समाज के संगठनों के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि पर राजधानी में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए।



### आप सरकार ने वाल्मीकि समाज को मुख्यधारा से जोड़ा: केजरीवाल

दलित समाज को जानबूझकर सत्तर साल विकास से दूर रखा गया। आप की सरकार ने पांच साल में इस समाज को मुख्यधारा से जोड़ा। विकास की चाबी बस शिक्षा है। जिसे दिल्ली सरकार ने बिल्कुल मुफ्त कर दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह बात लाल किले में महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर कही। जिसका आयोजन महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव कमेटी की ओर से किया गया था। इस दौरान आप नेता प्रह्लाद साहनी, रोहित मेहरौलिया भी मौजूद थे। केजरीवाल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ऐसे व्यक्ति थें, जिन्होंने भगवान राम के पुत्रों लव-कुश को शिक्षा दी। इससे उनकी महानता को आसानी से समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर हम भगवान वाल्मीकि को आदर्श मानते हैं तो हमें पढ़ाई पर जोर देना होगा।

### भाजपा ने किया 500 महिलाओं का सम्मान

**नई दिल्ली।** महर्षि वाल्मीकि की जीवनी हमें आदर्श जीवन जीने की राह सिखाती है और हमें उनसे प्रेरित होकर जीवन की कठिन से कठिन समस्या के समाधान की शक्ति और प्रेरणा मिलती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के उपलक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उक्त बाते कहीं। कार्यक्रम में मनोज तिवारी ने 500 महिलाओं को साल पहनाकर सम्मानित किया एवं क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का आयोजन नरेन्द्र मोदी फैंस क्लब ने आयोजित किया था।

### जयंती मनाने की अनुमति नहीं मिलने पर तिहाड़ में लोगों ने की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में बंद भीम सेना के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद सहित दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कई लोगों ने जेल अधिकारियों के खिलाफ यहां रविवार को भूख हड़ताल की। इनका आरोप है कि जेल प्रशासन ने उन्हें महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाने की इजाजत नहीं दी। दलित समूह ने चेतावनी दी है कि वह इस मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर घेराव करेंगे। भीम सेना के प्रवक्ता कुश आंबेडकरवादी ने कहा कि तिहाड़ जेल में बंद दर्जनों कैदियों ने शनिवार को जेल प्रशासन से मांग की थी कि उन्हें महर्षि वाल्मीकि का एक चित्र मुहैया कराया जाए ताकि वह उनकी जयंती के मौके पर श्रद्धांजलि दे सकें। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन ने हमें चित्र नहीं दिया। चंद्रशेखर आजाद के साथ जेल में बंद सैकड़ों लोगों ने भूख हड़ताल किया। कुश ने दावा किया कि यह संविधान में दिए गए हमारे मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। निराशाजनक यह है कि दलितों के मुद्दों पर बोलने वाले दिल्ली के जेल मंत्री सत्येंद्र जैन और सामाजिक कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम इस पर चुप हैं।

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

# फ़रिश्ते बनिये

# रोड एक्सिडेंट पीड़ित को आप अस्पताल पहुंचायें, इलाज का सारा खर्च हम देंगे




## दिल्ली सरकार रोड एक्सिडेंट पीड़ित के इलाज का सारा खर्च उठाती है

**दिल्ली सरकार की फ़रिश्ते पहल के अन्तर्गतः**

- एक्सिडेंट होने पर आप पीड़ित को तुरंत सबसे नजदीक अस्पताल में पहुंचायें, चाहे वो कितना भी बड़ा या मंहगा अस्पताल क्यूं न हो। जितनी जल्दी अस्पताल पहुंचाया जायेगा, उसके बचने की संभावना उतनी ज्यादा होती है
- दिल्ली सरकार पीड़ित के इलाज का पूरा खर्च उठायेगी। हमारे लिए हर जान कीमती है
- इस पहल का लाभ दिल्ली शहर में होने वाले किसी भी एक्सिडेन्ट के पीड़ित को मिलेगा
- मदद करने वाले को पुरस्कृत कर फरिश्ते प्रमाण पत्र दिया जायेगा
- दिल्ली के किसी भी हॉस्पिटल में बिना किसी पूछताछ के एडमिट किया जायेगा

## " दिल्ली के फ़रिश्तों को मेरा सलाम! "

– अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली



स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

**खबर संक्षेप**

### लैब टैक्नीशियन पर किया हथियार से हमला, घायल

**नई दिल्ली।** नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना इलाके में दो बदमाशों ने एक लैब टैक्नीशियन पर हमला कर दिया। हमले में कर्मबीर (33) गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर भीड़ को आता देख बदमाश मौके से फरार हो गए। कर्मबीर को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, कर्मबीर, स्वतंत्र नगर, नरेला में सपरिवार रहते है। कर्मबीर की पत्नी का मेडिकल क्लीनिक है। इसी क्लीनिक में कर्मबीर लैब टैक्नीशियन के तौर पर काम करते है। कर्मबीर ने पुलिस को बताया कि उनका पड़ोसी जोगेंद्र उर्फ जोगा अक्सर उनके क्लीनिक पर आकर उनसे झगड़ा करता रहता था। शनिवार शाम करीब 7:30 बजे जोगेंद्र अपने एक साथी के साथ कर्मबीर के पास आय और उससे झगड़ा करने लगा। इस पर कर्मबीर उनसे झगड़े का कारण पूछने लगा तो उन्होंने अपने हथियार निकाल लिये। कर्मबीर दोनों के हथियार को पकड़कर उन्हें क्लीनिक के बाहर ले आया। इसी बीच जोगेंद्र ने कर्मबीर के सिर पर हथियार से हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों को आता देख दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

### डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**नई दिल्ली।** अमन विहार थाना इलाके में एक महिला ने अपने नवजात बच्चे की मौत का जिम्मेदार डॉक्टर को ठहराया है। महिला का आरोप है कि वह गभर्वती थी। पेट में दर्द होने पर वह दशहरे वाले दिन अस्पताल में आई। तो डॉक्टरों ने उसे एडमिट नहीं किया और घर जाने के लिए कह दिया। इसके बाद महिला अपने घर चली गई। दो दिन पूर्व उसने एक बच्चें को जन्म दिया। बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। महिला का कहना है कि अगर डॉक्टर उसे अस्पताल में समय रहते भर्ती कर लेते तो आज उनका बच्चा जिंदा होता। जानकारी के मुताबिक, रशमी, अपने पति के साथ अमन विहार इलाके में रहती है। वह गर्भवती थी। तबियत खराब होने पर वह अस्पताल गई तो डॉक्टरों ने उसे घर भेज दिया। यहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चा होते ही मर गया। महिला ने बच्चे की मौत का जिम्मेदार डॉक्टरों को बताया है। महिला ने अस्पताल में जाकर प्रदर्शन भी किया।

### पार्किंग में बुलाकर युवक पर किया जानलेवा हमला

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी इलाके में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक पर डंडो व हॉकी से हमला किया। वारदात के बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल का नाम राहुल है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, राहुल बी-1/48, सुल्तानपुरी में सपरिवार रहता था। परिवार में पिता सोराज, मां, पत्नी और बच्चें हैं।

## बेल्ट से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

# पत्नी ने ले ली पति की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नरेला थाना इलाके में शनिवार रात पत्नी ने अपने पति की बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक का नाम जावेद (35) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था और इस बात को लेकर अक्सर दंपति में झगड़ा होता रहता था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज आरोपी पत्नी सलमा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला के पास से खून से सने कपड़े और बेल्ट बरामद की है। पुलिस महिला से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, जावेद, नरेला इलाके में सपरिवार रहता था। परिवार में उसकी पत्नी सलमा और तीन बच्चें हैं। जावेद इलाके में स्थित एक दुकान में वेल्डिंग का काम करता था। वहीं, सलमा दिल्ली महिला आयोग से जुड़ी और महिला पंचायत की सदस्य थी। रविवार सुबह करीब छह बजे पुलिस को सूचना मिली कि जावेद नामक एक युवक की उसकी पत्नी ने हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि जावेद अपने कमरे में बेहोसी की हालत में पड़ा हुआ था और उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस उसे लेकर तुरंत अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक के भाई अजीम (25) ने पुलिस को बताया उसे शक है कि उसके भाई की हत्या उसकी भाभी सलमा ने की है।

आगे उसने बताया कि जावेद शराब पीकर अक्सर अपनी पत्नी से झगड़ता था। इसके बाद पुलिस ने सलमा को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान सलमा ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात को उनके बीच शराब पीने की बात को लेकर फिर से झगड़ा हुआ था। हाथापाई के दौरान वह अचेत होकर गिर गया। हालांकि परिवार का आरोप है कि सलमा ने जावेद की बेल्ट से पिटाई की है और उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने अजीम की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी सलमा को गिरफ्तार कर लिया है।



- शराब पीने को लेकर दंपति के बीच अक्सर होता था झगड़ा
- पुलिस ने किये खून से सने कपड़े और बेल्ट बरामद

### दिल्ली पुलिस व महिला आयोग पर लगाए आरोप

मृतक जावेद की मां शाबरा ने महिला आयोग व दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाए है। उन्होंने बताया कि सलमा अक्सर जावेद के साथ मारपीट करती थी। जावेद ने सलमा के खिलाफ कई बार थाने में शिकायत भी दी, लेकिन पुलिसकर्मी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते थे। उसने बताया कि दो दिन पहले भी सलमा की शिकायत पर पुलिस कर्मियों ने जावेद को पीटा था। शाबरा के मुताबिक उसकी बहू पिछले आठ साल से महिला आयोग से जुड़ी हुई है। पुलिस कार्रवाई न होने पर जब उन्होंने इसकी शिकायत महिला आयोग में देगी चाहि तो महिला आयोग के सदस्यों ने उन्हें वहां से भगा दिया। सलमा अक्सर जावेद को महिला आयोग की धमकी देती थी और उसकी पुलिस ने पिटाई करवाने की बात कहती थी। उसने बताया कि बहू उन्हें भी तंग करती थी जिसकी वजह से वह अलग रह रही थी।

# ट्रक ने साइकिल सवार दो लोगों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खजूरी खास थाना इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक तो बाल-बाल बच गया, लेकिन दूसरे युवक को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। मृतक का नाम बासुदेव दीक्षित (40) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, बासुदेव, एल ब्लॉक, जयप्रकाश नगर, करतार नगर में सपरिवार रहते थे। परिवार में पत्नी उषा देवी, बेटी गौरी और दो बेटे गणेश और कालू है। वासुदेव अखबार डालने का काम करते थे। रविवार की सुबह वह अखबार लेने सेंटर पर जा रहा था, जैसे ही वह नानकसर पानी प्लांट के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने अलग-अलग साइकिल पर सवार संदीप और बासुदेव को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही संदीप ट्रक की दूसरी ओर गिर गया, जबकि बासुदेव ट्रक के सामने गिर गया। इसी दौरान ट्रक का पहिया बासुदेव के ऊपर चढ़ा गया। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपी ट्रक चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।



- एक की मौत, बाल-बाल बचा दूसरा शख्स, चालक मौके से फरार

# मां ने मांगे थे उधार के रुपये तो बेटे का कर दिया कत्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीमापुरी थाना इलाके में उधार के रुपये मांगने पर एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक का नाम साहिल (15) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस की माने तो आरोपी अरशद (21) ने साहिल की मां से कारोबार शुरू करने के लिए 50 हजार रुपये उधार लिये थे। उसे अक्टूबर को साहिल की मां को रुपये वापस देने थे। रुपये का इंतजाम ने होने पर उसने साहिल की हत्या कर दी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि साहिल की मां उस पर रुपये वापस करने का दबाब बना रही थी। उसने साहिल के पास अंगूठी और चेन देखी तो उसकी नियत बिगड़ गई। उसने सोचा कि वह यह सब बेचकर उसकी मां का कर्ज उतार देगा। उसने पहले नींद की गोलियां दी। उसने साहिल के हाथ-पैर बांधकर पत्थर से वार किया। लेकिन इस दौरान साहिल की आंख खुल गई तो उसने उसका गला रेत दिया। पुलिस ने अरशद को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, साहिल, ई-57/332 कलंदर कॉलोनी दिलशाद गार्डन सपरिवार रहता था। परिवार में मां सुरैया और शादीशुदा बहन रुखसार और गोद ली गई बैठी रुकैया है। साहिल इलाके में मोटर मैकेनिक का काम सीख रहा था। साहिल की मां ने किसी तरह रुपये जोड़कर एक ऑटो खरीदा था। उन्होंने ऑटो किराए पर उठाया है।

उसी से घर का खर्च चलता है। साहिल की बहन रुखसार ने बताया कि रविवार को उनकी नानी के घर में हकीका का प्रोग्राम था। इसके चलते घर में तैयारियां चल रही थी। शनिवार रात साहिल जूलरी पहनकर स्कूटी पर एक प्रोग्राम में जान की बात कहकर घर से गया था। देर रात तक साहिल जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे बहुत तलाशा मगर उसका कुछ पता नहीं चला। इसी दौरान साहिल के परिवार को अरशद मिला। पूछताछ करने पर उसने साहिल के बारे में जानकारी होने से इंकार कर दिया। वह भी परिवार के साथ मिलकर साहिल को ढूंढने में लगा। वह परिवार को इधर-उधर घूमाने के बाद डियर पार्क की ओर ले गया। यहां परिजनों को साहिल की स्कूटी मिली। पार्क में अदंर जाने के बाद परिवार को साहिल का शव नाले में मिला। इसके बाद उन्हें अरशद पर शक हुआ। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने परिजनों के शक के आधार पर अरसद को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान अरशद पहले तो पुलिस को गुमराह करता, लेकिन सख्ती से पूछताछ के बाद उसने अपना जुर्म कबूल लिया।



- मृतक की जूलरी बेचकर उतारना चाहता था कर्ज
- कारोबार शुरू करने के लिए मृतक की मां से लिये थे 50 हजार रुपये उधार
- हत्या करने के बाद परिजनों के साथ मिलकर मृतक को ढूढ़ने लगा था आरोपी

# कार ने एसआइ को कुचला, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजौरी गार्डन थाना इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार एसआइ को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एसआइ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घायल एसआइ का नाम महेंद्र सिंह (58) है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक अंकुश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, महेंद्र सिंह, चाणक्या प्लेस में सपरिवार रहते हैं। वह दिल्ली पुलिस में बतौर एसआइ है। फिलहाल उनकी तैनाती राजौरी गार्डन थाने में है। महेंद्र ने पुलिस को बातया कि ड्यूटी खत्म करने के बाद वह बाइक से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह राजौरी गार्डन मार्केट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

- पुलिस ने आरोपी कार चालक को दबोचा

# 15 वर्षीय गर्भवती लड़की की अस्पताल में मौत, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल (डीडीयू) में शनिवार सुबह 15 वर्षीय एक गर्भवती लड़की की मौत का मामला समाने आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने धारा 376/201/304 और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को पकड़ा है। डीसीपी (वेस्ट) दीपक पुरोहित ने बताया कि अभी यह साफ नहीं है कि आरोपी बालिक या नाबालिग। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी के मुताबिक, शनिवार सुबह पुलिस को डीडीयू अस्पताल से एक लड़की की एक लड़की मौत की सूचना मिली।

पुलिस मौके पर पहुंच गई। डॉक्टरों ने पुलिस को बातया कि लड़की गर्भवती है, जबकि परिवार इस बात से इंकार कर रहा है। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लड़की की तबियत खराब होने पर उसके परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को पकड़ा है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।



- एक आरोपी को पकड़कर पूछताछ कर रही है पुलिस

### माता-पिता की देखभाल करने वाले कर्मचारियों के लिये अवकाश नीति बनाए पीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक सहायक प्राध्यापक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि 'मातृत्व और पितृत्व अवकाश' की तर्ज पर अपने गंभीर रूप से बीमार माता-पिता की देखभाल करने वाले कर्मचारियों के लिये भी एक अवकाश नीति बननी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र में वृद्धावस्था संबंधी रोगों (जेरीऐट्रिक) विभाग के डॉक्टर विजय गुर्जर ने कहा कि वह बुजुर्ग रोगियों और उनके परिवारों से बातचीत के अनुभव के आधार पर उनकी परेशानियों को महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से बीमार अपने माता-पिता की अस्पतालों में या घर पर देखभाल करने के लिए छुट्टी लेने वाले लोगों को वित्तीय संकट से गुजरना पड़ता है या नौकरी छोड़नी पड़ जाती है। गुर्जर ने कहा कि वैसे लोग जो अपने माता-पिता या दादा-दादी, नान-नानी की सेवा करते हैं, उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिए।

# सीसीटीवी की वजह से पकड़े गए लुटेरे : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने पूरी दिल्ली में सीसीटीवी लगवाए। आज उसी वजह से पीएम नरेंद्र मोदी की भतीजी का सामान लूटने वाले पकड़े गए हैं। दिल्ली सरकार ही के सीसीटीवी कैमरों की वजह से कई अपराधी पकड़े जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रभारी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने उक्त बातें पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए कही। सांसद सिंह ने कहा कि हम चाहते हैं कि भाजपा अपराध रोकने पर मदद करें लेकिन अरविंद केजरीवाल को बदनाम करने से भाजपा को फुर्सत नहीं है। भाजपा अपनी नाकामी छूपाने के लिए रोज नहीं कहानी लेकर आ रही। भाजपा दिल्ली के नेताओं को बिना कुछ जाने बयानबाजी से बचना चाहिए। अन्यथा लगेगा कि वह भी अप्रत्यक्ष रूप से इसमें शामिल है।

- पीएम की भतीजी के साथ झपटमारी का मामला



### दिल्ली में 80 प्रतिशत अपराधों के लिए घुसपैठिये जिम्मेदार: तिवारी



**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 80 प्रतिशत अपराधों के लिए घुसपैठिये जिम्मेदार हैं। तिवारी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भतीजी के साथ हुई झपटमारी की घटना का जिक्र करते हुए यह कहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को लागू करने की मांग अपराधों में शामिल इस तरह के घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें बाहर निकालने के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 80 प्रतिशत अपराधों में घुसपैठिये शामिल हैं। इसलिए मैं एनआरसी की मांग कर रहा हूं लेकिन जब भी मैं ऐसा करता हूं, अरविंद केजरीवाल उनकी ढाल बन कर सामने आ जाते हैं।

## 5500 शिकायतों के बाद 4500 से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गयी

# दिल्ली में बिजली चोरी के लिए पिछले 18 महीनों में 2500 से ज्यादा गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिजली चोरी के खिलाफ अभियान के तहत दिल्ली में बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने पिछले डेढ़ साल में 5500 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की और इस मामले में 2500 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हुई है। डिस्कॉम सूत्रों ने बताया कि शिकायतों के आधार पर 4500 से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज की गयीं और इस अवधि में 200 से अधिक लोगों को दोषी करार दिया गया। दिल्ली में तीन बिजली कंपनी-बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल), बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और टाटा पावर डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) साठ लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली मुहैया कराती है। बिजली कंपनी के एक सूत्र ने बताया कि दिल्ली में पिछले 18 महीने में बिजली चोरी की 5500 शिकायतों के बाद 4500 से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गयी। इन मामलों में 2500 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया और 200 से अधिक लोगों को दोषी ठहराया गया। बिजली चोरी के मामले में भारी जुर्माने और पांच साल तक जेल की सजा का प्रावधान है । इस साल अगस्त-सितंबर में कड़कड़डूमा की विशेष बिजली अदालत ने बिजली चोरी मामले में पूर्वी दिल्ली में 21 संपत्तियों को जब्त (और सीलिंग) करने का निर्देश दिया था। एक सूत्र ने बताया कि अनुमान के मुताबिक बिजली चोरी से दिल्ली की बिजली कंपनियों को सालाना 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि उत्तरी, पश्चिमी और मध्य दिल्ली में दर्जनों क्षेत्र हैं जहां 25-40 प्रतिशत के बीच नुकसान होता है। बिजली कंपनियां उन इलाकों में बिजली चोरी पर लगाम लगाने में चुनौती का सामना कर रही हैं, जहां पर कई बार निरीक्षण दलों पर हमले की घटनाएं हुई हैं।





## खबर संक्षेप

### विधायक ठुकराल पर केस दर्ज किया जाए : कांग्रेस

**देहरादून।** उत्तराखंड के रूद्रपुर से भाजपा विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा कथित तौर पर एक संप्रदाय विशेष पर की गयी विवादित टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविवार को कांग्रेस ने उन पर राज्य और देश का सौहार्दपूर्ण माहौल खराब करने की चेष्टा करने का आरोप लगाया और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। हाल में एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें ठुकराल अपने जनता को संबोधित करते हुए यह कहते दिखायी दे रहे हैं कि उन्हें मुसलमानों के समर्थन की कोई जरूरत नहीं है और वह किसी मुसलमान या मस्जिद के आगे कभी सिर नहीं झुकायेंगे।

### पूरे देश में एनआरसी लागू हुआ तो घातक परिणाम होंगे : भट्टाचार्य

**बलिया।** भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि देश में एनआरसी लागू करने के घातक परिणाम होंगे तथा पूरे मुल्क की स्थिति कश्मीर सरीखी हो जायेगी। भट्टाचार्य न भाजपा सरकार को जन विरोधी करार देते हुए कहा कि हिटलर के नक्शेकदम पर चल रही भाजपा सरकार अपने राजनैतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिये देश में एनआरसी लागू करा रही है।

### गोहत्या के आरोप में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**गोण्डा।** गोंडा जिले के कटरा बाजार क्षेत्र में गोवध के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 50 किलोग्राम गोमांस भी जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक राज करन नैयर ने बताया कि शनिवार रात सिसई जोगा गांव में गोवध किए जाने की सूचना पर पुलिस ने हामिद, अब्दुल वाजिद, अब्दुल खालिक, अब्दुल मजीद, अब्दुल शाहिद, रहीम अहमद, कादिर, शाबिर खां, बिहारी लाल और लल्लन पाण्डेय को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# राजद की सभा में भगदड़, कुर्सियां चलीं, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सामने ही रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सभा में भगदड़ मच गई। चुनावी सभा का आयोजन सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर स्थित उच्च विद्यालय में किया गया था। देखते ही देखते कुर्सियां चलने लगीं। लोग एक-दूसरे पर कुर्सियों को फेंकने लगे। स्थिति बेकाबू होने लगी। भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसमें कई लोगों को चोट लगने की खबर है। मंच से कई नेता शांति बनाए रखने की अपील कर रहे थे, लेकिन तोड़फोड़ करने वाले कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। दरअसल, सिमरी बख्तियारपुर में बिहार विधानसभा का उपचुनाव होनेवाला है। 21 अक्टूबर को वोटिंग है। इस सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। हालांकि इसी सीट से महागठबंधन में शामिल वीआइपी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार दे दिया है। रविवार को सिमरी बख्तियारपुर में राजद की ओर से तेजस्वी यादव की सभा का आयोजन किया गया था। बताया जाता है कि कार्यक्रम में निर्धारित समय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पहुंच गए थे। इसी बीच, एक युवक मंच पर चढ़ गया और तेजस्वी यादव को माला पहनाने लगा। जानकारी के अनुसार, माला पहनाने वाले युवक को पुलिस ने मंच पर से उतार दिया। बताया जाता है कि इसी के बाद उस युवक के समर्थक आक्रोशित हो उठे और सभा में हंगामा कर दिया। हंगामा के समय मंच पर तेजस्वी यादव उपस्थित थे। देखते ही देखते कुर्सियां चलने लगीं। काफी संख्या में कुर्सियां टूट गयीं। भीड़ के उग्र रूप को देखकर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। काफी देर के बाद मामला शांत हुआ।

# जलजमाव से नाराज लोगों ने सुशील मोदी का घर घेरा




एजेंसी ▶▶| पटना

भारी बारिश के बाद हुए जलजमाव से पटना को राहत तो मिल गई है, लेकिन उससे उत्पन्न परेशानियां यथावत हैं। शहर के कुछ इलाकों में तो अभी तक पानी जमा है। जहां पानी निकल गया है और वहां गंदगी अंबार है। इससे आक्रोशित लोगों ने रविवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के राजेंद्र नगर स्थित निजी आवास पर पहुंचकर हंगामा किया। पटना नगर निगम के बांकीपुर कार्यालय का भी लोगों ने घेराव किया। उधर, पटना के सगुना मोड़ और खगौल रोड पर भी लोगों ने प्रदर्शन किया। जलजमाव से हो रही परेशानी को स्थानीय लोग काफी आक्रोशित थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। सुशील मोदी के आवास से निकलकर लोग जब पटना नगर निगम के बांकीपुर अंचल कार्यालय पहुंचे तो वहां किसी भी कर्मचारी और अधिकारी को नहीं देखकर और भड़क गए। बताया जाता है कि नगर निगम के लोग भीड़ को देखकर नदारद हो गए।

# योगी सरकार ने की शिया-सुन्नी वक्फ बोर्ड संपत्तियों में गड़बड़ियों की सीबीआई जांच की सिफारिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शिया और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों में अनियमितताओं की जांच



आखिरकार सीबीआई से कराने का निर्णय ले लिया। गृह विभाग ने प्रयागराज व लखनऊ में दर्ज दो मुकदमों के साथ ही यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड व यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा अनियमित रूप से खरीदी-बेची गईं एवं स्थानांतरित की गई संपत्तियों की सीबीआई जांच कराने संबंधी पत्र केंद्र सरकार को भेजा है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि सचिव कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय तथा निदेशक सीबीआई को पत्र भेजकर शिया-सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों में अनियमिता की सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। शिया-सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों में अनियमितता को लेकर कोतवाली प्रयागराज में वर्ष 2016 में तथा लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में 2017 में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराये गए थे।

दरअसल, 2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी थी तो उस समय शिया व सुन्नी वक्फ बोर्ड पर घोटाले का आरोप लगाकर सीबीआई जांच कराने की घोषणा हुई थी, लेकिन सरकार सीबीआई जांच के लिए जरूरी औपचारिकताएं ही पूरी नहीं कर सकी थी। ढाई साल बाद अब सरकार ने सीबीआई जांच कराने के लिए कागजी औपचारिकता पूरी कर केंद्र सरकार को सिफारिश भेज दी है।

### वक्फ संपत्ति मामले में राहुल गांधी ने मुझसे की थी सिफारिशः रिजवी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शिया और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों में अनियमितताओं की सीबीआइ से जांच कराने के फैसले का शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष वसीम रिजवी ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड सीबीआई जांच में पूरा सहयोग करेगा। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रदेश सरकार के मंत्री मोहसिन रजा पर इस मामले में बड़ा आरोप लगाया है। इस संबंध में रविवार को वसीम रिजवी ने वीडियो जारी कर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड की जमीन के एक मामले में सिफारिश के लिए उन्होंने मेरे पास फोन किया था। रिजवी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के मोबाइल फोन से राहुल गांधी ने मुझसे बात कर विजय माल्या के खिलाफ शिकायत न करने की सिफारिश की थी।



# प्रियंका के फॉर्मूले पर ही बनेगी जिलों की टीम

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस की नई टीम बना चुकीं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा ने जिलों के लिए भी ऐसा ही खाका बना रखा है। खुद दावेदारों के साक्षात्कार तक ले चुकीं प्रियंका ने जिला कमेटियों में भी जमीनी और युवा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की बात कही है। सभी नाम लगभग तय हो चुके हैं और अब एक सप्ताह में घोषणा की उम्मीद है।

कांग्रेस संगठन में सिरे से बदलाव की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। प्रदेश प्रभारी एवं पार्टी महासचिव प्रियंका वाड्रा ने इस ओर कदम बढ़ाते हुए प्रदेश कमेटी में बड़े बदलाव कर दिए। जमीनी कार्यकर्ता अजय कुमार लल्लू को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के साथ ही टीम में नए चेहरों को स्थान दिया गया है।




■ कमेटी में जमीनी और युवा कार्यकर्ताओं को वरीयता

अब बारी जिला कमेटियों की है। जिलाध्यक्ष और शहर अध्यक्ष बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों को जिलों में भेजा गया। प्रियंका ने खुद भी कई दावेदारों का साक्षात्कार लिया। उसी आधार पर नाम लगभग तय किए जा चुके हैं। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बताया कि जिस तरह से संघर्ष करने वाले और युवा कार्यकर्ताओं को प्रदेश की टीम में रखा गया है, ठीक उसी प्रकार से जिलों की टीम होगी। सभी जिलों में महिला कार्यकर्ता को उपाध्यक्ष बनाने के भी निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में सभी जिला और शहर अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी।

### सोनिया गांधी से की लल्लू ने मुलाकात

प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद शनिवार को अजय कुमार लल्लू दिल्ली पहुंचे। वहां उन्होंने पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा से शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ राष्ट्रीय सचिव धीरज धीरज गुर्जर, जुबैर खान और सचिन नायक भी थे।

## राशिफल 14 अक्टूबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologerıcom
Phı 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : ऑफिस की तरफ से आपको यात्रा पर जाने का अवसर मिल सकता है । प्रॉपर्टी डीलर की तरफ से आप को कुछ कुछ ऑपर मिल। सकता है। कुछ महत्वपूर्ण योजना में देरी होने की वजह से आपको

**वृष**: शारिरीक तौर पर पुरानी अवस्था में आने के लिए आप एक बार फिर जी तौर मेहनत करेंगे । परिवार में इधर की उधर करने वालों से सावधान रहें नहीं तो विवाद में फंस सकते हैं। **शुभ अंक**: 7, **रंग**: पीच।

**मिथुन**: आज किसी के साथ खरिददारी के लिए जा सकते हैं। कोई आपके आसपास का माहौल खुशनुमा बनाने का प्रयास कर रहा हैं, उसे अपना काम करने दें। **शुभ अंक** : 5, **रंग**: गहरा हरा।

**कर्क**: शैक्षणिक मोर्चे पर अच्छी तैयारी के साथ ही किस्मत भी आपके साथ रहेगा। आप किसी के साथ प्यार में पड़ सकते हैं, आज से आपके जीवन का एक रोमांटिक भाग शुरु होगा। **शुभ अंक**: 4, **रंग**: फिरोजी।

**सिंह**: समाजिक सक्रियता की वजह से आपके सम्मान में वृद्धि हो सकती है। आज दोस्तों के साथ मस्ती भरा दिन बिता सकते हैं। आपके रोमांटिक जीवन को स्वीकृति मिल सकती है। **शुभ अंक**: 17, **रंग**: बैगनी।

**कन्या**: शैक्षणिक स्तर पर काम या परियोजना समय पर पूरा नहीं करने की वजह से आप मुश्किल में पड सकते हैं। प्रेमी के मिठी बातों या वादों पर अंधविश्वास न करें। **शुभ अंक**: 18, **रंग**: कत्थई।

**तुला**: स्वास्थ को प्राथमिकता देना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। बढ़ते खर्च के बीच भी आप खुद को आर्थिक रुप से मजबूत महसूस करेंगे। आसपास के लोगों से प्यार मिलेगा। **शुभ अंक**: 18, **रंग** : चॉकलेट।

**वृश्चिक**: जो काम आपको सौंपा है उसे आप आसानी से निभा पाएंगे। शैक्षणिक मोर्चे पर कुछ छात्र प्रतियोगिता की तैयारी में जा सकते हैं। आपके जीवन से रोमांस कम हो सकता है। **शुभ अंक**: 22, **रंग** : बैगनी।

**धनु**: बॉस आपसे मन ही मन खफा रहता है लेकिन चिंता न करें आप जल्दी ही उसके प्रिय होने वाले हैं। समाजिक तौर पर किसी विवाद से खुद को दूर रखें नहीं तो फंस सकते हैं। **शुभ अंक** : 9, **रंग**: गहरा लाल।

**मकर**: परिवारिक सदस्य पर नजर बनाए रखने की जरुरत है। पढ़ाई को लेकर थोड़ा सजग होने की जरुरत है, स्थिति प्रतिकूल होने के संकेत हैं। अच्छे घर की तलाश आपको थका सकती है। **शुभ अंक** : 4, **रंग**: हरा।

**कुंभ** : कुछ छात्रों को स्कॉलरशिप मिल सकता है। अनजाने श्रोत से पैसे की आमदनी हो सकती है और आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ होगी। शादी योग्य लोगों को खुशखबरी मिल सकती है। **शुभ अंक** : 9, **रंग**: गहरा लाल।

**मीन**: सआर्थिक तौर पर आप संतोषजनक स्थिति में रहेंगे। लॉटरी या सट्टेबाजी में लगे लोगों की किस्मत खुल सकती है। खुद को वापस फिट करने के लिए आप उत्साहित रहेंगे। **शुभ अंक** : 8, **रंग** : कत्थई।

### :टिप्स:

1। खेलकूद और संगीत घर को तनावरहित रखता है। समुद्र की तरंगएबारिश की आवाजएऔर जंगल की सरसराहट जैसी आवाज घर में कोमल माहौल बनाकर रखता है।
2। बिस्तर के अंदर का हिस्सा भी अच्छी तरह से साफ करते रहें। यह ची का स्थान होता है, यदि यहां धूल जमेगा तो ची के सुचारु रुप से प्रवाह में वाधा उत्पन्न होगी और आप पर इसका बुरा असर पड़ेगा।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# चमोली में हादसा, आठ लोगों की मौत, मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले के थराली क्षेत्र में रविवार को एक जीप के खड्ड में गिर जाने से उसमें सवार आठ यात्रियों की मौत हो गयी जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने घटना पर दुख जताते हुए इसकी मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवाल क्षेत्र के घेस गांव के समीप दोपहर को हुए इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति अभी लापता है। हादसे के समय जीप में कुल 14 व्यक्ति सवार थे और किसी की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिये बलाड गांव से देवाल आ रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों की पहचान चमोली के बलाड गांव के निवासी जसबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, मदन सिंह, दरबान सिंह, मदन सिंह, कैलाश सिंह, गोपाल सिंह और धर्म सिंह के रूप में हुई हैं जबकि जय सिंह दानू लापता है। पांच घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर हेल्थ सेंटर के लिये भेजा गया है।

# पूर्व सांसद कमला मिश्र 'मधुकर' की प्रतिमा का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया अनावरण

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर प्रखंड के मदन सिरसिया ग्राम में पूर्व सांसद स्व. कमला मिश्र 'मधुकर' जी के स्मारक भवन का उद्घाटन एवं आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्मारक भवन परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इसके पश्चात जनता जानकी उच्च विद्यालय, मदन सिरसिया में उपस्थित जनसमूह का मुख्यमंत्री ने अभिवादन किया और मंच पर जाकर स्व. कमला मिश्र 'मधुकर' के तैल चित्र पर अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित की।



# सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मामले की सुनवाई आज अंतिम दौर में प्रवेश करेगी

**नई दिल्ली।** दशहरा की हफ्ते भर की छुट्टी के बाद उच्चतम न्यायालय में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले की सुनवाई सोमवार को अंतिम चरण में प्रवेश कर जाएगी और न्यायालय की संविधान पीठ 38वें दिन इस मामले की सुनवाई करेगी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने इस जटिल मुद्दे का सौहार्दपूर्ण हल निकालने के लिये मध्यस्थता प्रक्रिया के नाकाम होने के बाद मामले में छह अगस्त से प्रतिदिन की कार्यवाही शुरू की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2014 के फैसले के खिलाफ शीर्ष न्यायालय 14 अपीलों पर सुनवाई कर रहा है।

पीठ ने इस मामले में न्यायालय की कार्यवाही पूरी करने की समय सीमा की समीक्षा की थी और इसके लिए 17 अक्टूबर की सीमा तय की है। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायामूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस ए नजीर भी शामिल हैं।

## पथ संचलन



मुरादाबाद। आरएसएस कार्यकर्ताओं ने रविवार को पथ संचलन में भाग लिया।

# बेटी को दफनाने गए व्यक्ति को घड़े में जिंदा मिली दूसरी नवजात बच्ची

**बरेली।** बरेली जिले में अपनी मरी हुई बच्ची को दफनाने गए एक व्यक्ति को श्मशान में गड्ढा खोदते वक्त जमीन में दबे घड़े में एक जिंदा नवजात बच्ची मिली। उसे भगवान का तोहफा मानते हुए वह शख्स उसे अपने घर ले आया।

पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनंदन सिंह ने रविवार को बताया कि बरेली शहर के सीबीगंज स्थित वेस्टर्न कॉलोनी के निवासी हितेश कुमार सिरोही के घर गुरुवार को एक बच्ची ने जन्म लिया, जिसकी कुछ देर बाद ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि हितेश शाम को ही बच्ची को दफनाने के लिए श्मशान पहुंचे और गड्ढा खुदवाया। करीब तीन फुट गड्ढा खोदने पर मजदूर का फावड़ा एक घड़े से टकराया। घड़े को जब बाहर निकाला गया तो उसके अंदर एक नवजात बच्ची थी। वह जिंदा थी और उसकी सांसें काफी तेज चल रही थीं। सिंह ने बताया कि हितेश ने उस बच्ची को अपना लिया है। फिलहाल उसका बरेली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## भदोही के पिपरी गांव में कुएं में तेज आवाज के साथ हो रहा कम्पन

# प्रशासन ने लोगों से घर खाली करने को कहा

एजेंसी ▶▶| भदोही

भदोही के पिपरी गांव में एक अजीबोगरीब घटना में एक पक्के कुएं की तलहटी में तेज आवाज़ के साथ लगातार हो रहे कम्पन के कारण लोगों में दहशत है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग गांव से पलायन कर रहे हैं। प्रशासन ने भी आसपास के लोगों से एहतियातन घर खाली करने के लिए कहा है और कुएं के पास बैरिकेडिंग कर दी है। पिपरी गांव के प्रधान राम नरेश यादव के मुताबिक गांव के सार्वजनिक कुएं में बनी गहरी सुरंग देख पूरे गांव में डर का माहौल है। प्रधान के मुताबिक पिछले दिनों की भारी बारिश के बाद पिछले चार दिनों से कुएं के अंदर से तेज़ आवाज़ के साथ आसपास भूकंप की तरह कम्पन होने लगा। गांव के निवासी मनीष मौर्या के मुताबिक इस खौफ की वजह से बड़ी संख्या में लोग गांव छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले गये हैं। भदोही के तहसीलदार बीडी गुप्ता ने रविवार को बताया कि कुएं के आसपास के लोगों को एहतियातन घर खाली करने को कहा गया है। इसके साथ कुएं के पास बैरिकेडिंग कर दी गई है।



■ कुएं के अंदर बनी सुरंग जैसी जगह पर पानी दिख रहा है, सुरंग की गहराई का पता लगाना संभव नहीं है :- तहसीलदार

उन्होंने बताया कि कुएं के अंदर खाली बनी सुरंग जैसी जगह पर पानी दिख रहा है। वह कितनी दूर तक है इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। जब तक वह सुरंग पूरी तरह से बैठ नहीं जाता तब तक कुछ किया नहीं जा सकता। प्रशासन के पास इसके लिए कोई बजट भी नहीं है।

### हादसे में तीन लोगों की मौत, सात घायल

**एटा।** एटा जिले के मलावन क्षेत्र में रविवार दोपहर एक रोडवेज बस और यात्रियों से भरी वैन के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य जख्मी हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जीटी रोड स्थित महुआ खेड़ा और पथरऊआ गांवों के बीच एटा की ओर से जा रही रोडवेज बस और मैनपुरी की ओर से आ रही वैन की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी।


इस हादसे में वैन में सवार एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गयी तथा सात अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## चिंतन

# टेस्ट क्रिकेट में भारत का नया कीर्तिमान

भारत को घरेलू मैदान पर शेर क्यों कहा जाता है, इसे टीम इंडिया ने एक बार फिर साबित किया है। आईसीसी रैंकिंग में नंबर वन के सिंहासन पर काबिज भारतीय टीम ने घरेलू धरती पर इतिहास रचते हुए विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। भारत ने अपने घरेलू मैदान पर लगातार 11वीं टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की है, जो विश्व रिकॉर्ड है। इंग्लैंड के हाथों 2012 में घरेलू धरती पर टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद से भारत को 2012/13 से अब तक कोई टीम घर में टेस्ट सीरीज में नहीं हरा पाई है। इंडिया ने 11 टेस्ट सीरीज जीत में 31 टेस्ट (एक मैच और खेला जाना है) मैचों में से 25 टेस्ट जीते, जबकि सिर्फ एक टेस्ट गंवाया (5 टेस्ट ड्रॉ रहे) है। अब तक किसी भी अन्य देश ने लगातार 11 टेस्ट सीरीज जीतने का कारनामा नहीं किया है, जो भारत ने कर दिखाया है। इससे पहले तक ऑस्ट्रेलिया ने दो बार अपने घरेलू मैदान पर लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीती है। एक बार 1994-95 से 2000-01 के बीच और दूसरी बार 2004 से 2008-09 के बीच। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 1975-76 से 1985-86 के बीच अपने घरेलू मैदान पर लगातार आठ टेस्ट सीरीज जीत कर विश्व रिकार्ड बनाया था। इंग्लैंड व दक्षिण अफ्रीका के नाम लगातार सात-सात टेस्ट सीरीज जीतने का रिकार्ड है। विराट कोहली की कप्तानी में वनडे व टी-20 के साथ टेस्ट में भी शानदार प्रदर्शन कर रही टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका जैसी मजबूत टीम को दूसरे टेस्ट में फॉलोऑन खेलाते हुए करारी मात दी है। यह बड़ी बात है। इससे ठीक पहले वेस्टइंडीज को भी भारत ने शिकस्त दी थी। खास बात यह है कि दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन टेस्ट की श्रृंखला में से दोनों टेस्ट में टीम इंडिया ने हर क्षेत्र में बाजी मारी। भारत ने पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 137 रन से हरा दिया। पारी के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह सबसे बड़ी जीत है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पिछली बार 2010 में पारी और 57 रन से हराया था। विशाखापत्तनम में पहला टेस्ट भारत 203 रन से जीता था। दोनों टीमों के बीच सीरीज का आखिरी मैच 19 अक्टूबर से रांची में होगा। कई खिलाड़ियों के व्यक्तिगत रिकार्ड भी बने। पहली पारी में 254 रन बनाने वाले कोहली की कप्तानी में भारत की पारी से ये आठवीं जीत हैं। इस मामले में उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन की बराबरी कर ली। उनसे आगे 9 जीत के साथ सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी हैं। अश्विन ने अब तक 67 टेस्ट में 356 विकेट के साथ श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर चामिंडा वास और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेनिस लिली का रिकॉर्ड तोड़ा। मयंक अग्रवाल दोनों पारी शतक ठोकने वाले आठवें भारतीय सलामी बल्लेबाज बने। उपकप्तान रोहित शर्मा ने पहले टेस्ट मैच में सेंचुरी बना कर कीर्तिमान रचा। आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, उमेश यादव और मो. शमी ने शानदार गेंदबाजी की। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पहली बार फॉलोऑन खिलाया है, साथ ही वह 2008 के बाद अफ्रीकी टीम को फॉलोऑन खिलाने वाली पहली टीम भी बन गया है। आखिरी बार इंग्लैंड ने जुलाई 2008 में लॉर्ड्स टेस्ट में द. अफ्रीका को फॉलोऑन खिलाया था। यह मैच ड्रॉ रहा था। दक्षिण अफ्रीका की यह देश से बाहर लगातार छठी टेस्ट हार है। 2017 से वह देश के बाहर टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है। देखा जाए तो यह उसका दूसरा शर्मनाक रिकॉर्ड है। फरवरी 1911 से अगस्त 1924 के बीच उसने लगातार 10 टेस्ट मैच हारे थे। विश्व कप में हारने के गम को छोड़ दिया जाय तो भारत टेस्ट, वनडे और टी-20 तीनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। रवि शास्त्री के दोबारा मुख्य कोच बनने के बाद से भारतीय टीम लय में नजर आ रही है। टीम ने टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन के साथ 11 सीरीज जीतकर एक और बादशाहत कायम की। उम्मीद है वह आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखेगा।

## सारा संसार



इतिहास के पन्नों में मुस्लिम साम्राज्य के दौरान यह स्पेन का सबसे बेजोड़ शहर हुआ करता था और आज भी है। इस शहर की पाक कला, वास्तु कला और शिल्प कला पर अरब देशों का प्रभाव देखा जा सकता है। यूरोप का सबसे खूबसूरत महल अहम्बरा भी यहीं मौजूद है। यह अपने अनोखे मौसम, बर्फ से ढके पहाड़ों और खूबसूरत बीचों के लिए भी जाना जाता है।

## व्यंग्य

संतोष उत्सुक

# नैतिक कर्तव्य

लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई शहर की अनुशासित म्युनिसिपल कमेटी, माननीय हाईकोर्ट का हुक्म जारी हो जाने के बाद ही हरकत में आ सकती है। अपनी प्रशासकीय जिम्मेदारी को नैतिक कर्तव्य मानते हुए, क़ानून सख्ती से लागू करती है। इसी नियम लागू करो अभियान के अंतर्गत, कई साल बाद, त्योहारों के दौरान बाजारों से अनाधिकृत कब्जे नई सख्ती अपनाकर हटाए जा रहे हैं ताकि सामान्य ग्राहकों को बिल्कुल परेशानी न हो। ग्राहकों को फायदा हो रहा है लेकिन दुकानदारों को सामान पुनः दुकान के अंदर रख लेने से बहुत दिक्कत हो रही है। इस बीच समझदार सरकारी निरीक्षकों ने इस मामले में पारंपरिक सफल समन्वय बनाया हुआ है। वैसे त्योहारों के दिनों में कब्जे हटवाना घाटे का सौदा होता है, पत्नी और बच्चों के लिए मिलने वाले उपहारों का इंडेक्स धड़ाम हो जाता है। कुछ प्रतिबद्ध पत्रकार, अभी भी इस मामले को प्रमुखता से उठा रहे हैं । वे रोजाना चित्र छाप रहे हैं कि फलां मार्केट में कमेटी के कर्मठ कर्मचारियों ने व्यापारियों के विरोध के बावजूद प्रशासन का प्रशासनिक डंडा घुमाया और कब्ज़ा हटा दिया, लेकिन उनके जाते ही रास्तों में सामान फिर सज गया। यह भी व्यावहारिक सच है कि कर्मचारियों का बार-बार मार्केट आना मुश्किल होता है। एक दूसरे से प्रेरणा लेने के माध्यम से छोटी दुकानों ने बड़ी दुकानों से बहुत सीखा। शहर में एक नामी ढाबे ने, छोटी से बड़ी कुर्सी की मालिश करवाकर भूख व प्यास मिटा दी तो मेहनत का फ़ल मिलना ही था। सरकारी परिसर पर धीरे धीरे स्वादिष्ट कुर्सियां रख दी जिन पर बैठकर खाना सभी को बहुत पसंद आया। दोस्त नेताजी ने दोस्ती का धर्म निभाते हुए पूरा साथ दिया। निजी धर्म का भी भरपूर आशीर्वाद मिला। बढ़िया कुर्सियों पर रोज़ बढ़िया लोग आकर विराजते और खाने की रौनक बढ़ाते। शहर में आने वाले प्रसिद्ध गायक, नेता व अभिनेता को स्वाद खिलाते, उनके साथ फोटो खिंचवाकर, फ्रेम करवा ढाबे में लटकाते। गांधी जयंती के कुछ दिन बाद उसी युवा पत्रकार ने सत्य का प्रयोग करते हुए, ढाबे और सरकारी फुटपाथ, बरामदा, पार्किंग में लगी सुंदर कुर्सियों और मेज़ की बढ़िया रंगीन फोटो छापी और सरकारी प्रयासों की 'तारीफ़' की। ढाबे के मालिक ने खबर पढ़ते ही, अपने इष्ट की पूजा कर, जगह खाली कर, कुछ देर के लिए लौटा ही दी। अपने मित्र कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से, ताज़ा विदेशी चिकन आने की खबर देते हुए कहा कि सरकारी रिकार्ड के लिए फोटो खींच लें। निरीक्षक दल बल सहित आए, कितने ही कोनों और कोणों से फ़ोटो खींचे, जल्दी से एक बढ़िया रिपोर्ट बनाकर अपने सीनियर अधिकारी व पत्रकार को व्हाट्सएप कर दी। रिपोर्ट के अनुसार व्यवसायी शहर के प्रसिद्ध, इज्ज़तदार आदमी हैं, उनके मशहूर ढाबे द्वारा, सरकारी फुटपाथ, बरामदा या पार्किंग पर, किसी भी किस्म का कब्ज़ा नहीं पाया गया।



सवाल

डॉ. चंद्र त्रिखा

# आखिर कहां जाएं शरणार्थी

जम्मू शहर में आतंकवाद-पीड़ित परिवारों के लोग अब तक 'टैंटों' में रहने पर मज़बूर हैं, मगर इन्हें आतंकवाद पीड़ित के रूप में भी मान्यता नहीं दी गई। शरणार्थी-जत्थेबंदियां मांग कर रही हैं कि सम्मानपूर्वक जीवन का अधिकार दिया जाए। आखिर ये लोग भी इसी माटी के सपूत हैं और सिर्फ सरकारी उदासीनता के शिकार हैं। इनकी सुनवाई व वकालत भाजपा, कांग्रेस या पीडीपी या नेशनल कॉन्फ्रेंस खुलकर नहीं करते।

जम्मू वैसे भी वर्षों से 'रिफ्यूजियों' का शहर कहलाने लगा है। वर्ष 1947 से लेकर अब तक लगभग आधा दर्जन अलग-अलग पहचान वाले शरणार्थी यहां शरण लेते रहे हैं। इनकी कुल संख्या लगभग पांच लाख रही है और इनके अलग-अलग शिविरों की संख्या 39 है। इन्हें न तो राज्य सरकार ने ही कभी कोई आश्वासन या सहारा दिया है न ही केंद्र ने इनकी कभी सुध ली है। जम्मू में इस समय शरणार्थियों की सबसे बड़ी संख्या पश्चिमी पाक से आए पाक-अधिकृत कश्मीर से आए, छम्ब क्षेत्र से आए, भारत-पाक युद्धों में उजड़े, जम्मू क्षेत्र व कश्मीर घाटी में आतंकवाद से उजड़े लोगों की है।

भारत-पाक विभाजन के दिनों में पाकिस्तान के जिला सियालकोट से पलायन करने वाले हिन्दू-सिख परिवार यहीं पर आकर बसे थे। उनकी पहचान अब भी 'पश्चिमी पाकिस्तानी-रिफ्यूजी' के रूप में ही होती।

अक्तूबर-नवम्बर 1947 में लगभग 12 लाख लोग पाक अधिकृत कश्मीर में कबायलियों द्वारा रचाए गए नरसंहार का शिकार हुए थे। इस नरसंहार ने वहां के लोगों का पूरा सामाजिक ताना-बाना ही तोड़ डाला था। उन 'रिफ्यूजियों' को 1947 के बाद व 1950 में संविधान लागू होने के समय भारत का ही नागरिक मान लिया गया था। लेकिन धारा 370 के तहत इनकी पहचान पर कई सवालिया निशान भी चस्पां हुए थे। संविधान जम्मू कश्मीर में वर्ष 1947 में प्रभावी हुआ था। जम्मू-कश्मीर के अपने संविधान की धारा 6 के अनुसार केवल वही भारतीय नागरिक, जो जम्मू-कश्मीर रियासत के मूल निवासी थे या फिर 1954 तक कानूनी तौर पर जम्मू-कश्मीर से अपनी अचल सम्पत्ति बना चुके थे, सुविधाओं के पात्र थे, लेकिन पाकिस्तान से आए शरणार्थी इस वर्ग में शामिल नहीं हो पाए। उन्हें राज्य सरकार ने 'विस्थापित' ही माना। मगर पाक-अधिकृत कश्मीर से उजड़कर या पलायन करके जो लोग आए या अब भी आ रहे हैं, उन्हें 'तकनीकी' आधार पर शरणार्थी नहीं माना जाता।

जम्मू में सबसे दयनीय स्थिति विभाजन 1947 के समय आए शरणार्थियों की है। इनकी संख्या अब भी दो लाख के लगभग है। इनमें 90 प्रतिशत हिन्दू हैं और 10 प्रतिशत सिख हैं। पिछले 73 वर्षों बाद भी इन्हें अब भी वहां का नागरिक नहीं माना जाता। ये लोग अभी भी राज्य सरकार के किसी भी व्यावसायिक-कॉलेज में अपने बच्चों को प्रवेश नहीं दिला सकते और न ही किसी भी सरकारी नौकरी के लिए आवेदन ही कर सकते हैं। केंद्रीय सुरक्षा बलों में इनकी भर्ती का रास्ता कुछ वर्षों के लिए खुला लेकिन वर्ष 1990 के बाद यह रास्ता भी बंद हो गया क्योंकि राज्य सरकार ने इन्हें अधिशासी नागरिकता (डोमिसाइल) का प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया था। चुनावों के नज़दीक इन्हें वादे भी किए जाते हैं, मगर कोई वादा लागू नहीं होता। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी भी वादा कर गए थे। मगर वह भी अब हाशिए पर सरक चुका है। दो वर्ष पूर्व इन शरणार्थियों का एक



शिष्टमण्डल प्रधानमंत्री से मिला भी था। उन्होंने केंद्रीय सुरक्षा बलों में इनकी भरती खोलने का वादा भी किया था। मगर अभी तक कुछ नहीं हुआ।

कमोबेश यही स्थिति पाक-अधिकृत कश्मीर की है। ये लोग 1947 में अपनी व अपने परिवारों की आबरू बचाने के लिए मीरपुर, कोटली, देवा बटाला, भिम्बर व मुज़फ्फराबाद आदि से आए थे। उनकी करोड़ों की सम्पत्तियां भी वहीं छूट गई थी। उन्हें भी यहां आए अन्य 'रिफ्यूजियों' की तरह कोई मुआवज़ा नहीं मिला। मीरपुर क्षेत्र की जिन ज़मीनों को मंगला बांध के लिए अधिकृत किया गया था। उन्हें वहां का मुआवजा भी नहीं मिल पाया। इसके विपरीत एक शोक व दयनीयता की स्थिति यह थी कि वर्ष 1982 में जम्मू कश्मीर सरकार ने रिसैटलमेंट एक्ट 1982 के नाम से एक कानून पारित किया था, उसके तहत विभाजन के समय पाकिस्तान पलायन करने वाले कश्मीरियों को वापिस लौटने पर सभी पुराने अधिकार दिए जाने का आश्वासन था। उन्हें यह भी पेशकश कर दी गई थी कि लौटेंगे तो पुरानी सम्पत्तियां भी दे दी जाएंगी लेकिन पाक-अधिकृत कश्मीर से उजड़कर आए रिफ्यूजियों की एसोसिएशन को शिकायत है कि उनकी किसी भी मांग पर विचार नहीं किया जाता। वर्ष 1965, 1971 व 1999 के युद्धों में प्रभावित होने वाले लोगों में भी अधिकांश जम्मू क्षेत्र और लद्दाख क्षेत्र के निवासी थे। उनमें छम्ब क्षेत्र से उजड़ने वालों की संख्या काफी ज़्यादा थी। इनमें भी अधिकांश गैर मुस्लिम थे। इन्हें भी अब तक न्याय नहीं मिल पाया। इनके इलावा कश्मीरी पंडित-शरणार्थियों की भी समस्या है, यद्यपि ये अपेक्षाकृत कम उपेक्षित हैं। मगर उन्हें भी उनकी क्षति के अनुसार कुछ नहीं मिल पाया। जम्मू शहर में आतंकवाद-पीड़ित परिवारों के लोग अब तक 'टैंटों' में रहने पर मज़बूर हैं, मगर इन्हें आतंकवाद पीड़ित के रूप में भी मान्यता नहीं दी गई। डोडा, राजौरी और पुंछ के लोगों को निरंतर यह विभीषिका झेलनी पड़ी है। अब या तो वे अन्य राज्यों में जाएं या फिर अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरें। अलग-अलग शरणार्थी-जत्थेबंदियां मांग कर रही हैं कि सम्मानपूर्वक जीवन का अधिकार दिया जाए। आखिर ये लोग भी इसी माटी के सपूत हैं और सिर्फ सरकारी उदासीनता के शिकार हैं। इनकी सुनवाई व वकालत भाजपा, कांग्रेस या पीडीपी या नेशनल कॉन्फ्रेंस खुलकर नहीं करते। ज़ाहिर है निरंतर उदासीनता से पिछले कई दशकों से पीड़ित इन लोगों के बेरोजगार गलत दिशाओं में भी भटक सकते हैं।

## आत्मा ईश्वरीय गुणों से प्रकाशवान




संकलित

दर्शन

मन हमारा अकंप हो, मन हमारा प्रेम से भरा हो, मन हमारा निर्मल हो तथा मन हमारा अखण्ड आज्ञाकारी हो। आत्मा ईश्वरीय गुणों के प्रकाश से प्रकाशवान होती है। प्रकाशित आत्मा संसार से 'और अधिक की चाह' को समाप्त कर 'सब कुछ अंदर है' के विश्वास को जगाती है। शरीर के ऊपर इंद्रियां, इंद्रियों के ऊपर मन, मन के ऊपर बुद्धि, बुद्धि के ऊपर आत्मा का स्थान होना चाहिए। इसके क्रम के बिगड़ने से जीवन असंतुलित हो जाता है। शरीर से लेकर आत्मा तक के सही क्रम को कायम रखने के लिए हमें स्वयं के सत्य अर्थात मैं कौन हूं? इस संसार में किस महान उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आया हूं?, पांच इन्द्रियों (आंख, कान, नाक, जीभ तथा स्पर्श) के सत्य तथा मनोशरीर यंत्र के सत्य का ज्ञान होना चाहिए। हमारा जीवन संसार में इन्हीं सत्यों की वास्तविकताओं के चारों तरफ घूमता है। असहज मन जब हमारे जीवन को अपनी मर्जी के अनुसार चलाने लगता है तब जीवन अनेक कठिनाइयों तथा दुखों से घिर जाता है। इसलिए हमें मन को अपना बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। हृदय, मस्तिष्क तथा आत्मा तीनों का आध्यात्मिक गठबंधन बनाना चाहिए। ऐसी संतुलित आत्मा से अच्छे विचार रूपी अमृत की एक-एक बूंद हृदय में टपकेगी।

## जीवन अनन्त, हमारी शक्तियां भी अनन्त



संकलित

प्रेरणा

मानव शरीर भगवान की सबसे बड़ी सौगात है। मनुष्य का जन्म भगवान का हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है। जीवन को छोटे उद्देश्यों के लिए जीना तो जीवन का अपमान है। अपनी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक शक्तियों को भुलाकर उसे समाज विरोधी कामों, भोग एवं वासनाओं में लगाना बेहोशी में जीवन बर्बाद करने के समान है। जीवन अनन्त है हमारी शक्तियां भी अनन्त हैं, हमारी प्रतिभाएं भी अनन्त हैं। असहज मन जब हमारे जीवन को अपनी मर्जी के अनुसार चलाने लगता है तब जीवन अनेक कठिनाइयों तथा दुखों से घिर जाता है। इसलिए हमें मन को अपना बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। मन हमारा अकंप हो, मन हमारा प्रेम से भरा हो, मन हमारा निर्मल हो तथा मन हमारा अखण्ड आज्ञाकारी हो। ऐसा मानना है कि हम अपनी मानसिक शक्तियों का मात्र 1 प्रतिशत से अधिकतम 8 प्रतिशत तक ही उपयोग कर पाते हैं। अभी तक संसार का सबसे बुद्धिमान व्यक्ति 8 प्रतिशत तक ही अपनी बुद्धि का उपयोग कर पाया है। यह मानव जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है कि मनुष्य की 92 प्रतिशत बुद्धि सुप्त अवस्था में ही है। कैरियर, नौकरी या व्यवसाय के द्वारा हम अपने अंदर के संगीत को बिना खुलकर तथा खिलकर अभिव्यक्त किये अपनी कब्र में साथ लेकर चले जाते हैं।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### प्लास्टिक पूरी तरह से बंद होना चाहिए

एक बार इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक से बनी वस्तुओं के विकल्प रातों-रात उपलब्ध नहीं कराये जा सकते, लेकिन इस दिशा में तेजी से कदम उठाया जाना आवश्यक है। देखा जा सकता है कि वर्तमान में खान-पान की लगभग प्रत्येक सामग्री की पैकिंग प्लास्टिक में हो रही है? यहां तक दूध और पानी भी प्लास्टिक में मिल रहा है इसे देखते हुए ऐसी कंपनियों पर भी सख्त कार्रवाई करना चाहिए जो अपने उत्पादों की पैकिंग प्लास्टिक में कर रहीं हैं और उनके प्लास्टिक पर्यावरण के लिए ज्यादा घातक हैं। प्लास्टिक के खिलाफ शुरू किया जाने वाला अभियान केवल प्लास्टिक की थैलियों की जगह जूट या कपड़े के थैले या फिर प्लास्टिक के कप के स्थान पर कुल्हड़ के इस्तेमाल को बढ़ावा देने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि पूर्णरूप से प्लास्टिक मुक्त देश होना चाहिए। –डॉ हेमंत कुमार

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान ने बंद किया पेशावर का दूतावास




अफगानिस्तान ने शनिवार को पाकिस्तान के पेशावर में स्थित अपना वाणिज्य दूतावास बंद कर दिया। अफगानिस्तान ने यह फैसला वाणिज्य दूतावास पर लगातार हमलों के बाद सम्मान और सुरक्षा के कारणों से लिया। पेशावर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के फैसले पर अफसोस जताया है। कहा है कि जायदाद संबंधी विवाद के चलते अफगानिस्तान ने यह फैसला किया है। वाणिज्य दूतावास को बंद करने के फैसले से पहले पाकिस्तान में मौजूद अफगानिस्तान के राजदूत शकूरउल्ला आतिफ मशाल ने कहा था कि पेशावर के दूतावास पर वहां की पुलिस हमले कर रही है इसलिए अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय मीडिया ने कहा है कि जायदाद के विवाद के चलते यह स्थिति पैदा हुई जबकि अफगानिस्तानी दूतावास के अनुसार वाणिज्य दूतावास की जिस संपत्ति को विवादित बताया जा रहा था वास्तव में उसका मालिकाना हक अफगान सरकार के पास है। पाकिस्तान के सरकारी महकमों की ओर से विदेशी दूतावास की संपत्ति को लेकर ऐसा बयान देना गैर-जिम्मेदाराना और अपमानजनक है। अफगान अधिकारियों के अनुसार आए दिन पाक पुलिसकर्मी वाणिज्य दूतावास में आते थे।

## ऑफ बीट

# अर्जुन पेनेन्स जहां शिव से मिला था पशुपति अस्त्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच दूसरी अनौपचारिक शिखर बैठक तमिलनाडु के महाबलीपुरम (ममल्लापुरम) में हुई।



यह एक ऐतिहासिक शहर है जिसे ममल्लापुरम भी कहा जाता है। यह बंगाल की खाड़ी के किनारे बसा है और अपने भव्य मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। अर्जुन्स पेनेन्स- यह स्थान अपनी भव्य नक्काशी के लिए लोकप्रिय है। यह 27 मीटर लंबा और 9 मीटर चौड़ा है। यहां भगवान शिव से पशुपति अस्त्र हासिल करने के लिए अर्जुन की तपस्या की तस्वीरें पत्थरों पर उकेरी गई हैं। यहां चार भुजाओं वाली भगवान शिव की भी मूर्ति है, जिसमें शिवजी का निचला हाथ वरद-मुद्रा में दिखाया गया है, जिससे वह अर्जुन को वरदान दे रहे हैं। शोर मंदिर- इस मंदिर का निर्माण नरसिंहवर्मन द्वितीय के काल में ग्रेनाइट से करवाया गया था। इसे बंगाल की खाड़ी के शोर के रूप में जाना जाता है। इस मंदिर को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल सूची के अंतर्गत शामिल किया गया है। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। कृष्णा बटर बॉल- महाबलीपुरम में स्थति इस चट्टान को 'कृष्णा बटर बॉल' कहते हैं। इस चट्टान की ऊंचाई 20 फीट है और यह 5 मीटर चौड़ी है। चट्टान का बेस यानी आधार 4 फीट से भी कम है, जबकि यह एकदम पहाड़ी की ढलान पर स्थित है।


## ट्रेंड

### कश्मीर को भूल जाए पाक



पाकिस्तान कश्मीर को भूल जाए। 1947 में टू नेशन थ्योरी के आधार पर भारत का विभाजन करा दिया गया। मगर 1971 में फिर पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गए। यदि ऐसे ही हालात बने रहे तो पाक को बिखरने से दुनिया की कोई ताक़त रोक नहीं सकती। -राजनाथ सिंह

### इतिहास रचने पर बधाई




किसी की सीमाओं को तोड़ना सबसे मौलिक मानवीय लालसा है। प्रेरणा, अनुशासन और प्रयास की अविश्वसनीय भावना दुनिया के बेहतरीन मैराथन पैदा करती है। बधाई हो इलीयूड किपचोग! मैराथन में नया इतिहास बनाने के लिए। -सदगुरु

### तीन रविवार और



मैंने और सुनीता ने मिलकर आज अपने घर में इकट्ठा साफ पानी को बदला। अब बस तीन और रविवार चेकिंग करनी है और साफ पानी को बदलना है और जैसे अभी तक आपका परिवार डेंगू से सुरक्षित रहा है, वैसे आगे भी रहेगा। -अरविंद केजरीवाल

### हौसला बुलंद हो




लक्ष्य अगर हासिल करना है तो बस उसे हासिल करने के लिए लगातार परिश्रम करते रहो। और उस लक्ष्य को पाने के लिए अपना हौसला इतना बुलंद हो कि कोई रुकावट और कोई भी थकावट क़दमों को रोकने की जगह हमारे क़दमों में झुक जाए। -बबिता फोगाट

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### जाली नोट गिरोह का भंडाफोड़, चार लोग गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में पुलिस ने जाली नोट छापने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से 14 लाख रूपये मूल्य के जाली नोट जब्त किये गये। जाली नोट छापने वाले का पता तब चला जब शनिवार शाम को कुछ दुकानदारों ने दो व्यक्तियों को जाली नोट चलाने का प्रयास करते हुए पकड़ा और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान दोनों ने पिछले एक महीने से जाली नोट चलाने की बात कबूली। उनमें से एक आईएएस परीक्षा की कोचिंग ले रहा है। पुलिस ने दोनों से मिली जानकारी के आधार पर इस रविवार तड़के इस इकाई के सरगना धनराज को पकड़ा। पुलिस को पता चला कि वह किराये के मकान में जाली नोट छाप रहा था और तीनों लोगों की मदद से उन्हें बाजार में चला रहा था। एक अन्य व्यक्ति भी इस रैकेट में पकड़ा गया है।

### निजी विवि के अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने यहां के छात्रों से आठ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में राजस्थान के एक निजी विश्वविद्यालय के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। कपूरबावड़ी थाने के निरीक्षक एस एस निम्बाल्कर ने बताया कि ठाणे की एक अदालत के आदेश के बाद यह कदम उठाया गया है। दरअसल, एनईईटी पारामेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम ताहिलरमाणी ने एक याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के ओपीजेएस विश्वविद्यालय की ओर से एनईटीटी ने 2015-2019 में 692 छात्रों को पारामेडिकल पाठ्यक्रम में दाखिला दिया था और शुल्क के रूप में छात्रों से कुल 8.39 करोड़ रुपये की राशि ली थी।

### तिहरा हत्याकांड : बंगाल भाजपा ने केंद्रीय एजेंसी से जांच की मांग की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने मुर्शिदाबाद में हुए तिहरे हत्याकांड की छानबीन केंद्रीय जांच एजेंसी से कराने की रविवार को मांग करते हुए कहा कि राज्य पुलिस वारदात में शामिल लोगों का पता लगाने में 'नाकाम' रही है। घोष ने एक कार्यक्रम के इतर यहां कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) वीभत्स घटना को लेकर 'गैर जरूरी राजनीति' कर रही है। सवाल का जवाब देते हुए प्रदेश भाजपा प्रमुख ने कहा, ''अपराधी अब भी पकड़ से बाहर हैं जबकि टीएमसी घटना का राजनीतिकरण कर रही है। वे तिहरे हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की भाजपा की मांग में राजनीति देख रहे हैं।

### ओडिशा में श्रमिकों की तस्करी के आरोप में 41 बिचौलिये गिरफ्तार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालनगिर और नोआपाड़ा जिलों में पुलिस द्वारा शुरू किए गए एक विशेष अभियान के दौरान दूसरे राज्यों में मजदूरों की तस्करी के आरोप में कम से कम 41 बिचौलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी । अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को विशेष पुलिस दल ने दो जिलों में एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी कर कथित रूप से मानव तस्करी में शामिल 41 बिचौलियों को गिरफ्तार किया गया । उन्होंने बताया कि प्रदेश के बालनगिर जिले में दर्ज नौ मामलों में 25 बिचौलियों को गिरफ्तार किया गया जबकि नोआपाड़ा जिले में दर्ज छह मामलों में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

### राफेल पर ऊं लिखने को लेकर बोले राजनाथ

# कांग्रेस के नेताओं के ऐसे बयानों से केवल पाकिस्तान मजबूत होता है

नई दिल्ली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फ्रांस में राफेल की शस्त्र पूजा पर कांग्रेस की ओर से की गयी टिप्पणी पर रविवार को हरियाणा में कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बयानों से पाकिस्तान को शह मिलती है। हरियाणा के करनाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को अब तक का सबसे ताकतवर फाइटर जेट राफेल मिला है। कांग्रेस को इसकी तारीफ करनी चाहिए थी, लेकिन उसने इसकी आलोचना शुरू कर दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के ऐसे बयान से केवल पाकिस्तान मजबूत होता है. राजनाथ सिंह हरियाणा ने कहा कि मैं एक साधारण परिवार का हूं। मेरा जैसा स्वभाव है, उसके मुताबिक मैंने सोचा कि हमारे देश को फाइटर प्लेन मिल रहा है. सबसे ताकतवर प्लेन मिल रहा है. मुझे लगा कि इस ताकतवर प्लेन का इस्तेमाल करने से पहले हमें इसकी पूजा करनी चाहिए. मैंने राफेल प्लेन पर ऊं लिखा, नारियल फोड़ा, रक्षा सूत्र भी बांधा।



#### कांग्रेस के लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया

राजनाथ सिंह ने कहा कि इस पर कांग्रेस के लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया। कांग्रेस के लोगों ने कहा कि हम सांप्रदायिक हो गये हैं. रक्षा मंत्री ने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि क्या उनके घरों में ऊं नहीं लिखा जाता। उन्होंने कहा, 'मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आपके घरों में ऊं नहीं लिखा जाता है। यहां पर सिख भाई भी बैठे हैं। क्या उनके यहां ओंकार नहीं बोला जाता, क्रिश्चन के आमेन और मुस्लिम भाई आमीन नहीं बोलते. क्या कांग्रेस को इन सब पर भी आपत्ति है।

#### जिस वक्त मैं पूजा कर रहा था, उस वक्त वहां सभी धर्मों के लोग मौजूद थे

राजनाथ ने कहा कि जिस वक्त मैं पूजा कर रहा था, उस वक्त वहां सभी धर्मों के लोग मौजूद थे. वहां ईसाई भी थे और मुस्लिम भी। कांग्रेस के लोगों को इस पर आपत्ति थी. ये लोग बिना विचारे कुछ भी बोलते हैं। कांग्रेस के बोलने के कारण अगर किसी को ताकत मिलती है, तो वो पाकिस्तान के लोग हैं.' उन्होंने कहा कि इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी आपने जवाब दिया। अब इस विधानसभा चुनाव में भी इसका जवाब दिया जाना चाहिए। करनाल में रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के पुराने मुख्यमंत्री चाहे वह कांग्रेस के हों या आइएनएलडी के, दिल्ली से हरियाणा की सरकार चलाते थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जमीनी स्तर पर सरकार चलाते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर हमारे पास राफेल लड़ाकू विमान होता, तो बालाकोट जाकर एयरस्ट्राइक करने की जरूरत नहीं पड़ती। हम भारत से ही पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर देते।

---

### अधिकारियों ने शुरू की जांच

## गुजरात में 9वीं की परीक्षा में पूछा गया 'गांधी जी ने आत्महत्या कैसे की?'

**अहमदाबाद।** गुजरात में नौवीं कक्षा की आंतरिक परीक्षा में यह चौंकाने वाला प्रश्न पूछा गया है कि 'गांधीजी ने आत्महत्या कैसे की?' परीक्षा में यह अटपटा प्रश्न पूछे जाने का मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने इसकी जांच शूरू कर दी है। साथ ही, इसके अलावा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों से पूछे गए एक और प्रश्न ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को हैरान कर दिया है। इस प्रश्न में कहा गया है कि अपने इलाके में शराब की बिक्री बढ़ने एवं शराब तस्करों द्वारा पैदा की जाने वाली परेशानियों के बारे में शिकायत करते हुए जिला पुलिस प्रमुख को एक पत्र लिखें। उल्लेखनीय है कि गुजरात में शराब पर पूरी तरह से पाबंदी है।एक अधिकारी ने बताया कि 'सुफलाम शाला विकास संकुल' के बैनर तले चलने वाले विद्यालयों में नौवीं कक्षा की आंतरिक परीक्षा में पूछा गया कि गांधीजी ने आत्महत्या कैसे की?' सुफलाम शाला विकास संकुल कुछ स्व वित्तपोषित विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों का संगठन है, जिन्हें गांधीनगर में सरकारी अनुदान मिलता है। गांधीनगर के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने बताया, स्व वित्तपोषित स्कूलों के एक समूह ने और अनुदान प्राप्त करने वाले स्कूलों ने ये दोनों प्रश्न शनिवार को हुई अपनी आंतरिक परीक्षाओं में शामिल किया था। ये प्रश्न बहुत आपत्तिजनक हैं और हमने इसकी जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुफलाम शाला विकास संकुल के बैनर तले संचालित होने वाले इन स्कूलों के प्रबंधन ने ये प्रश्न पत्र तैयार किए थे और इनका राज्य शिक्षा विभाग से कोई लेना-देना नहीं है।



### सोशल मीडिया के माध्यम से बाल अश्लीलता फैलाने को लेकर 12 लोग गिरफ्तार

**तिरूवनंतपुरम।** केरल में सोशल मीडिया के माध्यम से कथित रूप से बाल अश्लीलता (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) फैलाने को लेकर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 20 लोगों के विरूद्ध मामले दर्ज किये गये हैं। केरल पुलिस की बाल यौन उत्पीड़न निरोधक इकाई (सीसीएसई) द्वारा राज्य में 21 स्थानों पर छापा मारे जाने के बाद यह कार्रवाई हुई है। सीसीएसई इंटरपोल की बच्चों के विरूद्ध अपराध संबंधी इकाई और इंटरनेशनल सेंटर फोर मिसिंग एंड एक्सप्लॉयटेड चिल्ड्रेन के साथ मिलकर काम करती है।

---

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा

## डेयरी को आरसीईपी व्यापार समझौते से अलग रखा जाए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वाणिज्य मंत्रालय से डेयरी क्षेत्र को आरसीईपी के तहत प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते से दूर रखने को कहा है। पशुपालन और डेयरी मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में मुक्त व्यापार शुरू होने से देश से किसान प्रभावित होंगे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। सिंह ने डेयरी क्षेत्र को प्रस्तावित समझौते से अलग रखने की वजह स्पष्ट करते हुए कहा कि हम उन पशुओं के दूध को अनुमति नहीं देंगे , जिन्हें पशुजन्य प्रोटीन दिया जा रहा है। हमारी शर्त है कि उसी दूध का आयात किया जाना चाहिए , जिस पशु को किसी तरह का मांसाहार युक्त प्रोटीन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत



#### भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है

गिरिराज ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है और यहां मवेशियों की आबादी सबसे अधिक है। इन सभी के बावजूद , देश में प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन दुनिया में सबसे कम है। इसी का नतीजा है कि दूध उत्पादन की लागत अन्य देशों की तुलना में अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन करीब 10 लीटर है जबकि अन्य देशों में पशु प्रोटीन की वजह से यह 40 लीटर है।

---

## रविशंकर प्रसाद ने मंदी पर फिल्मों से जुड़ा अपना बयान लिया वापस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने देश की आर्थिक स्थिति पर फिल्मों से जुड़े अपने बयान को वापस ले लिया है। रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि वो एक संवेदनशील इंसान है और इस नाते वो अपनी टिप्पणी को वापस लेते हैं। रविशंकर प्रसाद ने एक दिन पहले ही आर्थिक मंदी को फिल्मों की कमाई से जोड़ दिया था। रविशंकर प्रसाद ने कहा था कि तीन हिंदी फिल्में एक दिन में 120 करोड़ रुपये का कारोबार कर रही हैं, तो फिर देश में मंदी कहां है?

रविशंकर प्रसाद के इस बयान की कांग्रेस, सीपीएम समेत कई विपक्षी दलों ने निंदा की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि मंत्री जी को ये बयान देने से पहले इकोनॉमी पढ़ लेनी चाहिए थी। चारों ओर से



आलोचना झेलने के बाद रविशंकर प्रसाद ने एक बयान जारी कर अपने शब्द वापस ले लिए। उन्होंने कहा कि मेरा कल का बयान कि 3 फिल्मों की कमाई एक सप्ताह में 120 करोड़ रुपये हुई तथ्यात्मक रूप से सही है, मैंने ये बयान दिया था, क्योंकि मैं मुंबई में था, मुझे अपने फिल्म इंडस्ट्री पर गर्व है जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलता है और ये लोग टैक्स के रूप में देश के विकास में योगदान देते हैं।

#### तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया बयान

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि उन्होंने बातचीत के दौरान विस्तार से अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार हमेशा से आम लोगों की भावनाओं का सम्मान करती है। अपने बयान पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि मेरे बातचीत का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद है, फिर भी मुझे जानकर अफसोस हो रहा है कि मेरे बयान के एक हिस्से को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया, एक संवेदनशील व्यक्ति होने के नाते मैं अपने बयान को वापस लेता हूं।

---

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने कहा

## पीएम मोदी के पास बाढ़ प्रभावित कर्नाटक आने का समय नहीं है

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके पास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए प्रचार करने का समय है लेकिन बाढ़ प्रभावित कर्नाटक आने का समय नहीं है। भाजपा को फासीवादी और तानाशाह बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सदन की कार्यवाही को कवर करने से मीडिया पर प्रतिबंध लगाने में राज्य सरकार की विधानसभा अध्यक्ष के साथ मिलीभगत है। सिद्धरमैया ने कहा, इस बार राज्य में जबरदस्त बाढ़ आई और कुछ हिस्सों में सूखे की स्थिति रही। केन्द्र सरकार ने 60 दिनों बाद मदद दी और वह भी केवल 1,200 करोड़ रुपये की। मेरे अनुसार नुकसान एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। उन्होंने चिकमंगलूर में पत्रकारों से कहा, ''मोदी ने कर्नाटक का दौरा नहीं किया और इसके बजाय उन्होंने विदेश की यात्रा की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए प्रचार करने गये।



- सदन की कार्यवाही को कवर करने से मीडिया पर प्रतिबंध लगाने में राज्य सरकार की विधानसभा अध्यक्ष के साथ मिलीभगत है

---

## मुलाकात...



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा से उनके गांधीनगर स्थित आवस पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री की मां हीरा बा ने शॉल देकर राष्ट्रपति को सम्मानित किया और साथ ही उन्हें चरखा भी भेंट किया। बता दें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शनिवार से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शनिवार रात को गांधीनगर के राजभवन में ठहरे थे. आज सुबह उन्होंने प्रधानमंत्री की मां हीरा बा से मुलाकात की। पीएम नरेंद्र मोदी की मां से मुलाकात के बाद राष्ट्रपति महावीर जैन आराधना केंद्र जाएंगे, जहां पर भारतीय और जैन विरासत से जुड़े कई लेखों का संग्रह है।

### जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग दो दिनों बाद यातायात के लिए फिर से खुला

**जम्मू।** रामबन जिले में भारी भूस्खलन के कारण पिछले दो दिनों से बंद रहने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग रविवार को यातायात के लिए फिर से खुल गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजमार्ग के रखरखाव के लिए जिम्मेदार एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद सुबह करीब साढ़े नौ बजे हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) को राजमार्ग पर चलने की अनुमति दे दी गई। सभी मौसमों में देश के बाकी हिस्सों के साथ कश्मीर को जोड़ने वाले एकमात्र 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग को गुरुवार को भूस्खलन के बाद बंद कर दिया गया था। रामबन से जम्मू की ओर दो किलोमीटर दूर स्थित निहड़ में सड़क के चौड़ीकरण के दौरान भूस्खलन हुआ था।

---

### कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा

## राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में वापस आ जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में वापस आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में पार्टी हार का आत्मविश्लेषण भी नहीं कर पाई। क्योंकि उनके नेता चुनाव के बाद अध्यक्ष पद छोड़कर कहीं चले गए थे। इस पर पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा कि खुर्शीद को इस तरह की टिप्पणी करने से बचना चाहिए।

खेड़ा ने चुनाव के बाद राहुल गांधी के अध्यक्ष पद से हटने की बात को खारिज किया। उन्होंने कहा कि खुर्शीद को ऐसी टिप्पणी करने के बजाय भाजपा सरकार की गुंडागर्दी को उजागर करने की दिशा में काम करना चाहिए। शुक्रवार को खुर्शीद ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, ''मैं काफी हैरान हूं कि मुझे ऐसे लोग ज्ञान दे रहे हैं, जो विश्वसनीयता और सियासी रणनीति के बारे में कुछ नहीं जानते। मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि विश्वास और निष्ठा मेरी निजी पसंद है। यह समय काल्पनिक भय और मतभेदों से निकलकर आगे बढ़ने का है।



#### कांग्रेस को भाजपा की तरह नहीं होना चाहिए

कांग्रेस के अपने साथियों को संबोधित करते हुए खुर्शीद ने कहा कि मैं गांधी परिवार का समर्थन करता हूं, क्योंकि निजी कृतज्ञता और भारतीय लोकतंत्र के बारे में मेरी निजी समझ ऐसा करने को कहती है। कठिन समय में रणनीतिक चुप्पी समझदारी है, लेकिन साझा भविष्य के लिए भी बोलना भी उतना ही जरूरी है। पानी के ऊपर केवल मरी हुई मछलियां ही तैरती हैं। कांग्रेस भाजपा की तरह नहीं है और उसे होना भी नहीं चाहिए।'

---

### राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा

# कांग्रेस ने 70 साल तक लोकतंत्र जिंदा रखा तभी नरेंद्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री बने

एजेंसी ▶▶ जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 70 साल तक लोकतंत्र को जिंदा रखा। इस कारण नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री बनने के बाद वे पूछ रहे है कि कांग्रेस ने अपने राज में क्या किया। गहलोत शनिवार को सीकर नगर परिषद के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम गहलोत ने कहा कि सरकार पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन के लिए काम कर रही है। इससे पहले कार्यकाल में भी खूब काम किए थे। बैठकों में वे खुद हर एमएलए और एमपी से पूछते थे कि विकास का कोई काम हो तो बताओ। विधायक काम बताते हुए थक गए लेकिन वे काम करते नहीं थके। शेखावाटी में पेयजल व सिंचाई के मुद्दे पर गहलोत ने कहा कि हरियाणा से पानी को लेकर चंडीगढ़ में दो बार बैठक हुई है। पानी आएगा तो पेयजल और सिंचाई दोनों के काम आएगा। पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार को घेरते हुए गहलोत ने कहा कि भाजपा सरकार ने छह महीने में बिना बजट के ही कामों की घोषणा कर प्रारंभ कर दिए। भामाशाह योजना में करप्शन था। अब आयुष्मान भारत योजना लागू की है।




#### प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर रहे है

गहलोत ने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर रहे है। सरकार सड़क, शिक्षा और पानी पर विशेष जोर दे रही है। हर जिला मुख्यालय पर अच्छे अस्पताल व कॉलेज और यूआईटी होने ही चाहिए। प्रदेश में सड़कों की हालत ज्यादा ठीक नहीं है। इसके लिए भी काम शुरू है। सरकार बनने के बाद पहले बजट में पूरे प्रदेश में 50 नए कॉलेज खोले गए है। जिले के विधायकों की मांगों का जवाब देते हुए गहलोत ने कहा कि नवलगढ़ रोड की डीपीआर तैयार है। जल्द ही बरसाती पानी के निकासी की व्यवस्था होगी। वहीं ऑडिटोरियम हर जिला मुख्यालय पर बनने चाहिए। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मज्मेशाही का जमाना आ गया है। तालियां बजवा रहे हैं और लोकतंत्र का मजाक बनाने वाले आज राज कर रहे हैं। देश में कई प्रधानमंत्री बने है लेकिन ऐसी भाषा का प्रयोग करते किसी को नहीं देखा। समारोह को शिक्षा राज्यमंत्री गोविंद डोटासरा, पूर्व मंत्री राजेन्द्र पारीक मौजूद रहे।

---

## कर्ज में डूबे परिवार के 7 लोगों ने पिया जहर, चार की मौत

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां कर्ज में डूबे एक परिवार के 7 सदस्यों ने कीटनाशक दवा पी ली। इनमें एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों सहित तीन को बचा लिया गया. पुलिस को अंदेशा है कि कर्ज में डूबे परिवार ने सामूहिक आत्महत्या करने का फैसला लिया होगा। घटना चेन्नई के अन्नानूर इलाके की है। यहां बिल्डिंग ठेकेदार गोविंदस्वामी (65), उनकी पत्नी सुब्बामल (60), बेटे नागराज (35) और रवि (30) की मौत हो गई, जबकि गोविंदस्वामी की बेटी कल्याणी (28), सर्वेश्वरी (8) और योगप्रिया (6) की हालत नाजुक है. इनका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि परिवार को कारोबार में भारी नुकसान हुआ था। उनके ऊपर 80 लाख रुपये का कर्ज था। जांच अधिकारियों की एक टीम ने कहा कि घर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस को घटनास्थल पर एक कीटनाशक की एक बोतल मिली है। जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। इस घटना की जानकारी तब हुई जब बेटी कल्याणी का पति अरुमुगम शाम 6.50 घर लौटा तो देखा सभी लोग अचेत अवस्था पड़े हैं। उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। गोविंदस्वामी और पत्नी सुब्बामल अपने बेडरूम में पड़े थे, जबकि नागराज और रवि हॉल में थे। कल्याणी, सर्वेश्वरी और योगप्रिया दूसरे कमरे में थीं. ये सभी बेहोश पड़े थे।



### अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की संयुक्त वार्षिक बैठक से पहले जारी हुई रिपोर्ट

# मूडीज के बाद विश्व बैंक ने भी जीडीपी अनुमान घटाया

**निजी खपत में गिरावट और उद्योग-सेवा क्षेत्र में कमजोर वृद्धि से रहेगी सुस्ती**




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर रविवार को छह प्रतिशत कर दिया। वित्त वर्ष 2018-19 में वृद्धि दर 6.9 फीसदी रही थी। हालांकि, दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस के ताजा संस्करण में विश्व बैंक ने कहा है कि मुद्रास्फीति अनुकूल है और यदि मौद्रिक रुख नरम बना रहा तो वृद्धि दर धीरे-धीरे सुधर कर 2021 में 6.9 प्रतिशत और 2022 में 7.2 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। आपको बता दें कि इससे पहले मूडीज इन्वेस्टर ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए जीडीपी ग्रोथ घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

### लगातार दूसरे साल गिरावट का अनुमान

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की संयुक्त वार्षिक बैठक से पहले जारी रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल भारत की आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट का अनुमान व्यक्त किया गया है। वित्त वर्ष 2018-19 में वृद्धि दर, वित्त वर्ष 2017-18 के 7.2 प्रतिशत से नीचे 6.8 प्रतिशत रही थी। विनिर्माण और निर्माण गतिविधियों में वृद्धि के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो गयी, जबकि कृषि और सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर क्रमशः 2.9 और 7.5 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019-20 की पहली तिमाही में मांग के मामले में निजी खपत में गिरावट तथा उद्योग एवं सेवा दोनों में वृद्धि कमजोर होने से अर्थव्यवस्था में सुस्ती रही।

### चालू खाता घाटा बढ़ा

विश्व बैंक की रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 2018-19 में चालू खाता घाटा बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.1 प्रतिशत हो गया। एक साल पहले यह 1.8 प्रतिशत रहा था। इससे बिगड़ते व्यापार संतुलन का पता चलता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2018-19 में आर्थिक गति तथा खाद्य पदार्थों की कम कीमत के कारण खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 3.4 प्रतिशत रही। यह रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के लक्ष्य से ठीक-ठाक कम है। इससे रिजर्व बैंक को जनवरी 2019 से अब तक रेपो दर में 1.35 प्रतिशत की कटौती करने तथा मौद्रिक परिदृश्य को बदल कर नरम करने में मदद मिली।

### गरीबी में कमी जारी पर रफ्तार सुस्त पड़ी

वित्तीय मोर्चे पर पहली छमाही में पूंजी की निकासी हुई। हालांकि अक्टूबर 2018 के बाद रुख बदलने से पिछले वित्त वर्ष के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 411.90 अरब डॉलर रहा। इसी तरह, डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति खराब रही। मार्च से लेकर अक्टूबर 2018 के बीच इसमें 12.1 प्रतिशत की गिरावट रही। हालांकि उसके बाद मार्च 2019 तक यह करीब सात प्रतिशत मजबूत हुआ। विश्व बैंक ने कहा कि गरीबी में कमी जारी है, लेकिन इसकी रफ्तार सुस्त हो गयी है। वित्त वर्ष 2011-12 और 2015-16 के दौरान गरीबी की दर 21.6 प्रतिशत से कम होकर 13.4 प्रतिशत पर आ गई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुस्ती तथा शहरी क्षेत्रों में युवाओं की बेरोजगारी की ऊंची दर के साथ ही जीएसटी और नोटबंदी ने गरीब परिवारों की समस्याएं बढ़ा दी। हालांकि, प्रभावी कॉरपोरेट कर की दर में हालिया कटौती से कंपनियों को मध्यम अवधि में लाभ होगा लेकिन वित्तीय क्षेत्र में दिक्कतें सामने आती रहेंगी।

## आज से शेयर बाजार में कारोबार शुरू करेगी आईआरसीटीसी

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) सोमवार से शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत करेगी। कंपनी ने हाल ही में अपना आईपीओ पेश किया था। कंपनी का शेयर बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध किया जाएगा। बीएसई ने एक परिपत्र में कहा, 'आईआरसीटीसी लिमिटेड का इक्विटी शेयर सोमवार यानी 14 अक्टूबर से सूचीबद्ध होगा और प्रतिभूतियों के बी समूह में खरीद-बिक्री के लिये उपलब्ध होगा। आईआरसीटीसी का आईपीओ 30 सितंबर से चार अक्टूबर के बीच खुला था। आईआरसीटीसी के बिक्री के लिए रखे गए 2 करोड़ शेयर के एवज में 25 करोड़ शेयर के लिए बोलियां प्राप्त हुई थीं। पात्र संस्थागत खरीदारों की श्रेणी में 108.79 गुना, गैर-संस्थागत निवेशकों के मामले में 354.52 गुना और खुदरा निवेशकों के मामले में 14.65 गुना अभिदान मिला। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए कीमत दायरा 315 से 320 रुपए तय किया गया था। यस सिक्युरिटीज (इंडिया), एसबीआई कैपिटल मार्केट्स और आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज इस आईपीओ का प्रबंधन देख रही थी।

# टेलीकॉम सेक्टर में हुए बदलावों का अध्ययन करेगा भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग

**नई कंपनियां आने और कई कंपनियों के विलय के कारण टेलीकॉम सेक्टर में हुए हैं कई बदलाव**

भाषा ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा संबंधी विभिन्न पक्षों का अध्ययन करेगा। दूरसंचार क्षेत्र में हालिया समय में स्थिति में हुए महत्वपूर्ण बदलावों के कारण यह निर्णय लिया गया है। सीसीआई के चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता ने यह जानकारी दी। गुप्ता ने एजेंसी से एक साक्षात्कार में कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा संबंधी पक्षों के अध्ययन की तैयारी शुरू कर दी गई है। अध्ययन नवंबर में शुरू होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि बाजार नियामक होने के नाते हमें इस अध्ययन से पता चलेगा कि हमें किन बातों को लेकर सजग रहना चाहिए और हमें क्या करने की जरूरत है। यह आयोग को प्रतिस्पर्धा को लेकर रणनीति तैयार करने तथा दूरसंचार क्षेत्र को लेकर सुझाव तैयार करने में मदद करेगा। गुप्ता ने कहा कि दूरसंचार सेवाओं की महत्ता तथा अर्थव्यवस्था में इसकी प्रासंगिकता को देखते हुए यह सीसीआई के लिए जरूरी हो गया है कि वह क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर नजर रखे। नई कंपनियों के आने, कंपनियों के एकीकरण होने, प्रतिस्पर्धा संबंधी रणनीतियों में बदलाव तथा दूरसंचार क्षेत्र के बिजनेस मॉडल के कारण हालिया समय में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं।

### बाजार की नई संरचना पर पैदा हुए कई सवालः गुप्ता

उन्होंने कहा कि बाजार की नई संरचना से कई सारे सवाल पैदा हुए हैं, जैसे कि क्या प्रतिस्पर्धा का मौजूदा स्तर पर्याप्त है, क्या दूरसंचार कंपनियां क्षेत्र में अपने दबदबे का इस्तेमाल उन क्षेत्रों को प्रभावित करने में कर सकती हैं जो क्षेत्र दूरसंचार पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि अध्ययन से दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को स्पष्ट तरीके से समझने के लिए संबंधित पक्षों से प्रासंगिक सूचनाएं जमा होंगी। सीसीआई अभी ई-वाणिज्य क्षेत्र को लेकर इसी तरह का एक अध्ययन कर रहा है।

# जीएसटी कलेक्शन में सुधार लाने पर बनी समिति की पहली बैठक 15 को

- जीएसटी लागू होने के बाद पहली बार होगी व्यापक समीक्षा
- सरकार ने राजस्व बढ़ाने के लिए पिछले सप्ताह बनाई थी 12 सदस्यीय समिति

भाषा ⏭ नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत राजस्व कलेक्शन बढ़ाने सहित इसकी व्यापक रूप से समीक्षा कर जरूरी सुझाव देने को लेकर गठित एक उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक मंगलवार को होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। जीएसटी काउंसिल के विशेष सचिव राजीव रंजन ने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि समिति की पहली बैठक मंगलवार यानी 15 अक्टूबर को होगी। उन्होंने कहा कि समिति को रिपोर्ट सौंपने के लिये 15 दिन का समय दिया गया है। सरकार ने पिछले सप्ताह इस समिति का गठन किया है। समिति को जीएसटी के तहत राजस्व कलेक्शन बढ़ाने तथा कर चोरी रोकने के उपायों पर सुझाव देने का काम दिया गया है। जीएसटी की एक जुलाई 2017 को शुरुआत होने के बाद इसकी यह पहली व्यापक समीक्षा होगी।

### समिति में केंद्र और राज्यों के अधिकारी शामिल

आदेश में कहा गया है कि कानून में नीतिगत उपायों तथा संबंधित बदलावों की जरूरत है। आंकड़ों के बेहतर विश्लेषण तथा बेहतर प्रशासनिक समन्वय के जरिये अनुपालन की बेहतर निगरानी तथा अपवंचना रोधी उपायों का सुझाव देना भी गठन की शर्तों में शामिल है। समिति के सदस्यों में महाराष्ट्र, तमिल नाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पंजाब के जीएसटी आयुक्त, इसके अलावा केन्द्र सरकार से जीएसटी प्रधान आयुक्त और संयुक्त सचिव (राजस्व) सहित कुछ अन्य अधिकारी शामिल हैं। राज्यों से कहा गया है कि वह समिति में शामिल होने के साथ साथ लिखित में सुझाव भी दे सकते हैं। आपको बता दें कि सितंबर में जीएसटी कलेक्शन घटकर 19 माह के निचले स्तर 91,916 करोड़ रुपए रह गया था। यह जीएसटी कलेक्शन में लगातार दूसरी माह गिरावट रही थी।

## भारत में लॉन्च से पहले सामने आई नई हुंडई क्रेटा की कीमत

**नई दिल्ली।** 2020 हुंडई क्रेटा भारत में लॉन्च होने के लिए तैयार है पर भारत में लॉन्च होने से पहले इसे चीन में लॉन्च कर दिया गया है। चीन में इस कार के बेस मॉडल की कीमत 109,800 युआन यानी लगभग 11.11 लाख रुपए है। वहीं टॉप वेरियंट की कीमत 150,800 युआन यानी 16 लाख है। चीन में इस कार में सिर्फ पेट्रोल वेरियंट उपलब्ध है। डीजल वेरियंट चीन में लॉन्च नहीं किया गया है। नई क्रेटा वर्तमान मॉडल से बड़ी होगी और इंजन के विकल्प में भी बदलाव होंगे। नई क्रेटा 4,300 एमएम लंबी, 1,790 एमएम चौड़ी, 1,622 एमएम ऊंची होगी। इसका वीलबेस 2,610 एमएम होगा। क्रेटा के वर्तमान मॉडल की लंबाई 4270 एमएम, चौड़ाई 1780 एमएम, ऊंचाई 1630 एमएम और वीलबेस 2590 एमएम है। इस हिसाब से नई क्रेटा वर्तमान मॉडल के मुकाबले 30 एमएम लंबी और 10 एमएम चौड़ी होगी, जबकि ऊंचाई 8 एमएम कम होगी। नई क्रेटा का वीलबेस 20 एमएम ज्यादा होगा। नई क्रेटा में पेट्रोल इंजन के दो विकल्प हैं।

# तीसरी इंडियन मोबाइल कांग्रेस आज से

- 5जी तकनीक पर रहेगा विशेष फोकस, कई कंपनियां दिखाएंगी अपने उन्नत उत्पाद
- 16 अक्टूबर तक चलेगी मोबाइल कांग्रेस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


इंडियन मोबाइल कांग्रेस 2019 (आईएमसी) सोमवार से राजधानी में शुरू हो रहा है जहां मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बनाने वाली कंपनियां अपने उत्पाद प्रदर्शित और लॉन्च करेंगी तथा दूरसंचार क्षेत्र की पांचवी पीढ़ी की प्रौद्योगिकी 5जी का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। दूरसंचार विभाग के सहयोग से संचार क्षेत्र की कंपनियों के शीर्ष संगठन सीओएआई द्वारा राजधानी के एयरोसिटी में आयोजित तीन दिवसीय यह कांग्रेस 16 अक्टूबर तक चलेगी जिसका संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद संचार क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के प्रमुखों की मौजूदगी में उद्घाटन करेंगे। इंडियन मोबाइल कांग्रेस में टेलीकॉम ऑपरेटर और देशी-विदेशी स्टार्टअप के साथ ही प्रौद्योगिकी से जुड़े उत्पाद और सेवायें देने वाली कंपनियां शामिल होंगी। इस बार 5जी पर विशेष जोर दिया गया क्योंकि यही टेक्नोलॉजी अगली पीढ़ी में लोगों को जोड़ने का काम करेंगी। इसका कनेक्टेड वाहनों और अन्य क्षेत्रों में भी उपयोग होने वाला है। पिछले वर्ष भी इंडियन मोबाइल कांग्रेस में 5जी उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत होते की 5जी स्पेक्ट्रम की इस वर्ष नीलामी की घोषणा की गई थी लेकिन इसको लेकर टेलीकॉम कंपनियों में कोई विशेष उत्साह नहीं देखा जा रहा है। दूरसंचार कंपनियां इसकी नीलामी नहीं किए जाने की भी वकालत कर चुकी है। 5जी प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां अपनी प्रौद्योगिकी को प्रदर्शित करने को लेकर काफी उत्साहित है। इस क्षेत्र में हुवावेई को लेकर पहले आशंका जताई जा रही थी लेकिन अब उसे इसके लिए दूरसंचार विभाग से मंजूरी मिल गई है। इसमें वैश्विक स्तर के स्टार्टअप भी अपने नवाचारी उत्पाद पेश करने वाले हैं।

### भारती एयरटेल करेगी एक्स स्टीम डिवाइस का प्रदर्शन

भारती एयरटेल अपनी 'एक्स स्टीम डिवाइस' का प्रदर्शन करेगी। इसके जरिए टीवी के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म के कंटेंट भी देखे जा सकते हैं। यह उपकरण स्मार्टहोम की अवधारणा पर आधारित है। इसके अतिरिक्त एयरटेल 5जी प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रदर्शन भी करेगी। कंपनी स्मार्ट सिटी और स्मार्ट मोबिलिटी से जुड़ी प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करने वाली है। इसमें वोडाफोन आइडिया भी कनेक्टेड वाहनों का प्रदर्शन करने वाली है।

## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष





### ज्योतिष





### ज्योतिष




### चिकित्सा




### टॉवर

☞ जिन्दल टॉवर Regd. कम्पनी अपनी जमीन, छत, प्लॉट पर सभी कम्पनियों के 4G डिजिटल टॉवर लगवाएं एडवांस 90,00,000/- किराया 45,000/- नौकरी + बाईक #94589-68937, 73812-55648

### लोन

☞ !!! Diwali धमाका ऑफर !!! श्रीराम फाइनेंस कम्पनी (REGISTERED) 1972 द्वारा मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, लोन घर बैठे पाएं (वार्षिक ब्याज 2%) (सब्सिडी 50% छूट) (online बैंकिंग का लाभ उठाएं) Helpline : 9450751658, 9450794279

☞ दिवाली धमाका ऑफर jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No. 6397688983

☞ GTL टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G टॉवर लगवायें। आइडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टॉवर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 90 लाख एडवांस 90 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगों को नौकरी। सम्पर्क करें 7668916707 धोखेबाजों से सावधान।

### ज्योतिष




### लोन

☞ SSC सेंट्रल डाटाइन्ट्री SMS JOB हेतु 990 लड़के / लड़कियाँ, गृहणियाँ घरबैठे पार्ट / फुलटाईम JOB करके कमायें 18500 -52000/- महिना + मोबाईल + लैपटॉप + प्रिंटर, CALL / SMS करें 88730-27476, 89368-00847

### आवश्यकता

☞ वनविभाग को चाहिये भारी मात्रा में जिलानुसार 860 लड़के- लड़कियां 10वीं से ग्रेजुएट वेतन 21500-39500/- भोजन, आवास सुविधा इच्छुक व्यक्ति अपना पूरा नाम, पता, शहर पिनकोड सहित SMS करें 89488-36425

### आवश्यकता

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

# मात्र 5 मिनट में वेबसाइट बना सकेंगे छोटे व्यापारी

- आईएमसी में जियो पेश करेगा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म
- मोबाइल कांग्रेस में छोटे व्यापारियों पर फोकस करेगा जियो
- 5 जी अल्ट्रा, इंटेलिजेंट होम, डिजिटल सोसायटी के क्षेत्र में हुए इनोवेशन का प्रदर्शन करेगी कंपनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के मोबाइल क्षेत्र की प्रगति और आने वाले समय में इस क्षेत्र की नई-नई योजनाओं का केन्द्र सोमवार से शुरू हो रही तीसरी भारतीय मोबाइल कांग्रेस बनेगी। एरोसिटी में 14 से 16 अक्टूबर तक चलने वाली इस कांग्रेस में रिलायंस जियो, एयरटेल, वोडा-आइडिया समेत दूरसंचार कंपनियां और उपकरण निर्माता अपनी क्षमताओं और भविष्य की योजनाओं को व्यापक रूप से प्रदर्शित करेंगी। कांग्रेस का आयोजन दूरसंचार विभाग और भारतीय सेल्युलर आपरेटर संघ कर रहा है।

### तकनीक में नवाचार की होगी प्रदर्शनी

कांग्रेस में 5 जी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो कांग्रेस में बड़े स्तर पर अपनी प्रगति और नवाचार की योजना के साथ शिरकत करेगी। कंपनी सूत्रों ने बताया कि जियो 5 जी अल्ट्रा, इंटेलिजेंट होम, डिजिटल सोसायटी और 'छोटे तथा किराना उद्योग' के क्षेत्र में हुए नवाचार प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेगी। छोटे व्यापारियों और किराना मालिकों के लिए आकर्षण होगा ई-कामर्स प्लेटफॉर्म। देश में पहली बार रिलायंस जियो छोटे व्यापारियों के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ले कर आ रहा है जिसमें व्यापारियों का पूरा बिजनेस क्लाउड आधारित होगा। व्यापारी मात्र पांच मिनट में अपनी वेबसाइट बना कर ऑनलाइन हो सकेंगे।

### घरों को स्मार्ट होम में बदलने की तकनीक का भी करेगा प्रदर्शन

मनोरंजन, गेमिंग, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में 5 जी की स्पीड का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है इसे जियो कांग्रेस में अपने नए विकसित किए गए मॉड्यूल्स के जरिए प्रदर्शित करेगा। इन क्षेत्रों में बदलाव की सख्त जरूरत है। उम्मीद की जा रही है कि यह मॉड्यूल इन क्षेत्रों की दशा-दिशा बदलने में बहुत मददगार साबित होंगे। जियो इस मोबाइल कांग्रेस में आम घरों को इंटेलिजेंट होम्स में बदलने की तकनीक का भी प्रदर्शन करेगा। इंटेलिजेंट होम में सुरक्षा के साथ साथ मनोरंजन, बेहतरीन कनेक्टिविटी और 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' का भी उपयोग हुआ है। इंटेलिजेंट होम के साथ स्मार्ट बिल्डिंग की अवधारणा भी आईएमसी में प्रदर्शित की जाएगी।

## अकाउंट से कटे पैसे, ट्रांजैक्शन फेल होने पर बैंक देगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** कई बार ऐसा होता है कि डेबिट कार्ड से ट्रांजैक्शन फेल हो जाता है, लेकिन अकाउंट से पैसे कट जाते हैं। कटा हुआ पैसा कभी तुरंत रिवर्स हो जाता है तो कभी इस प्रक्रिया में थोड़ा समय भी लगता है। रिजर्व बैंक ने इसको लेकर एक सर्कुलर जारी किया है, जिसके मुताबिक अगर रिफंड प्रक्रिया में तय सीमा से ज्यादा समय लगता है तो बैंकों को ग्राहकों को जुर्माना देना होगा। 20 सितंबर 2019 को रिजर्व बैंक की तरफ से जारी सर्कुलर में टर्न अराउंड टाइम (टीओटी) को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई है। बैंकों को 'फेल्ड ट्रांजैक्शन फ्रॉम डेबिट कार्ड' के मामले को पांच दिनों के भीतर सुलझाना होगा। आईएमपीएस फेल ट्रांजैक्शन का मामला एक दिन के भीतर सुलझाना होगा, वहीं स्वाइप मशीन और आधार ऐनेबल्ड पेमेंट्स (एईपीएस) ट्रांजैक्शंस का मामला भी पांच दिनों के भीतर निपटाना होगा। अगर बैंक ऐसा करने में चूकते हैं तो ग्राहकों को पेनाल्टी के रूप में रोजाना 100 रुपए देने होंगे। लिंक फेल होने की वजह से, कैश नहीं होने की वजह से या सेशन टाइम आउट होने की वजह से ट्रांजैक्शन नहीं हो पाता है और अकाउंट से पैसे कट जाते हैं तो उसे फेल ट्रांजैक्शन की कैटेगरी में रखा जाएगा। इन ट्रांजैक्शन को फेल इसलिए कहते हैं क्योंकि ग्राहक चाह कर भी इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं।

## वैश्विक संकेतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर्स और विप्रो जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम तथा वैश्विक संकेतों से इस सप्ताह घरेलू बाजार की चाल तय होगी। विशेषज्ञों ने यह राय दी है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, सोमवार को बाजार इंफोसिस के परिणाम पर प्रतिक्रिया देगा। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार वार्ता से संबंधित खबरों पर भी बाजार की नजर होगी।



## खबर संक्षेप

### हांगकांग पुलिस और लोकतंत्र समर्थकों के बीच झड़पें

**हांगकांग।** हांगकांग दंगा रोधी पुलिस की रविवार को लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शकारियों के साथ यहां कई झड़पें हुई। इसे लेकर पुलिस ने कई गिरफ्तारियां की है। ये झड़पें कई स्थानों पर हुई। हालांकि, हालिया सप्ताहांतों पर हुई झड़पों से ये कम हिंसक थी। पुलिस ने बताया कि उसे दो जिलों में आंसू गैस के गोले छोड़ने को मजबूर होना पड़ा और कम से कम चार अन्य स्थानों पर संक्षिप्त झड़पें हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सड़कों की नाकेबंदी कर दी, चीन समर्थक कारोबारी प्रतिष्ठानों की दीवारों पर चित्र उकेर दिये, खिड़कियां तोड़ डाली और बैरीकेड हटा दिये। प्रदर्शनकारी मास्क लगाये हुए थे। प्रदर्शनकारियों को रोकने पहुंची पुलिस ने दर्जनों गिरफ्तारियां की हैं। उल्लेखनीय है कि चार महीने पहले चीन के साथ प्रत्यर्पण संधि के विरोध में शुरू हुआ आंदोलन अब लोकतंत्र की मांग के आंदोलन में तब्दील हो गया है।

### केन्या : बम विस्फोट में 11 पुलिस अधिकारियों की मौत

**नैरोबी।** केन्या में सोमालिया के साथ लगने वाली दक्षिणी सीमा पर सड़क किनारे हुए बम विस्फोट में पुलिस के 11 अधिकारियों की मौत



हो गई। पुलिस प्रमुख ने यह जानकारी दी। महानिरीक्षक हिलेरी मुत्यमबई ने बताया कि अधिकारियों की गश्ती कार को लिबोई कस्बे के पास दामाजले हारे हारे मार्ग पर धमाका कर उड़ा दिया गया। अब तक किसी ने इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन संदेह है कि सोमालिया के अल शबाब आतंकवादियों ने इसे अंजाम दिया है। अलकायदा से संबद्ध इस समूह ने हाल के कुछ वर्षों में केन्या के सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की गतिविधि तेज कर दी हैं। इस समूह ने सोमालिया के लड़ाकों से निपटने के लिए केन्या की ओर से सैनिक भेजे जाने के बाद 2011 में उससे बदला लेने की ठानी थी।

### 27,000 पुलिसकर्मी और सैनिकों को लगाया गया बचाव कार्यों में

# जापान में तूफान और बाढ़ से 33 लोगों की गई जान

एजेंसी ⏭ तोक्यो



जापान की राजधानी तोक्यो समेत देश के अन्य हिस्सों में आये प्रचंड तूफान 'हगिबिस' से अब तक कम-से-कम 33 लोगों की मौत हो चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा लोग लापता बताये जा रहे हैं। तूफान हगिबिस ने शनिवार को जापान में दस्तक दी। देश के बड़े हिस्से में भारी बारिश की वजह से आयी बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए रविवार को बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। भूस्खलन की भी कई घटनाएं हुईं। तूफान तोक्यो को अपनी चपेट में लेने के बाद उत्तर की ओर बढ़ गया। जापान के कई हिस्से जलमग्न हो चुके हैं। 'हगिबिस' का अर्थ 'रफ्तार' है। खबर लिखे जाने तक इस तूफान में कम-से-कम 33 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता एनएचके ने बताया कि आपदा में एक दर्जन से अधिक लोग लापता हो गये और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हगिबिस से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। वहीं, देश की 14 नदियों में बाढ़ आ गई है। सरकारी प्रवक्ता योशीहिद सुगा ने बताया कि इस भीषण तूफान ने पूर्वी जापान में भारी तबाही मचाई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भूस्खलन का खतरा अभी भी बना हुआ है। तोक्यो क्षेत्र में ट्रेन सेवाएं, जिनमें से अधिकांश रुकी हुई थीं, सुबह फिर से शुरू हो गई। हालांकि अन्य की सुरक्षा जांच चल रही थी और उनके दिन में बाद में शुरू होने की उम्मीद है। सत्तारूढ़ पार्टी के नेता फुमियो किशिदा ने कहा कि खतरा अभी भी बना हुआ है और यह एक वास्तविकता है जिससे हमें सतर्क रहना चाहिए। हमें अपनी पूरी कोशिश करनी चाहिए। आपदा कभी भी आ सकती है। सरकारी आदेशों के तहत लगभग 27,000 पुलिस कर्मी और सैनिक बचाव कार्यों में लगाया गया है। सैनिक हेलीकॉप्टर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं। हजारों लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला गया। 'क्योदो न्यूज' ने बताया कि 60 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी जारी की गई थी। तूफान की वजह से रग्बी वर्ल्ड कप के कई मैच रद्द कर दिए गए। कई मैचों के समय को आगे बढ़ा दिया गया।



हेलीकॉप्टर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं सैनिक।

### दो पोत जापान को सहायता उपलब्ध करायेंगे: नौसेना

**नई दिल्ली।** नौसेना ने तूफान प्रभावित जापान को मदद उपलब्ध कराने के लिए अपने दो पोतों को तैनात किया है। नौसेना ने जापान को मदद उपलब्ध कराने के लिए आईएनएस सह्याद्री और आईएनएस किल्टन को तैनात किया है। नौसेना ने एक ट्वीट में कहा कि जापान तूफान 'हगिबिस' से हुई तबाही और नुकसान का सामना कर रहा है। क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस सह्याद्री और आईएनएस किल्टन अनुरोध के अनुसार सहायता प्रदान के लिए तैयार है। जापान की राजधानी तोक्यो समेत देश के अन्य हिस्सों में भयंकर तूफान 'हगिबिस' से कई लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों घायल हुए है।

### मोदी ने लोगों की मौत पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान में भयंकर तूफान 'हगिबिस' में लोगों की मौत पर रविवार को शोक जताया और भारतीय नौसेना कर्मियों द्वारा बचाव अभियानों में मदद करने की पेशकश की। भारतीय नौसेना कर्मी जापान की पहले से तय यात्रा पर हैं। मोदी ने भरोसा जताया कि जापान के लोग अपनी तैयारी और जुझारू क्षमता से इस आपदा के असर से प्रभावी तथा तेजी से निपटने में सक्षम होंगे। तूफान हगिबिस ने शनिवार को तोक्यो के दक्षिण में दस्तक दी थी और वह उत्तर की ओर बढ़ गया जिससे भीषण बाढ़ आयी। तूफान-बाढ के कारण विभिन्न घटनाओं में 19 लोगों की मौत हो गयी और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही 12 से अधिक लोग लापता हैं। मोदी ने जापानी और अंग्रेजी भाषा में किए सिलसिलेवार ट्वीट्स में कहा कि मैं जापान में शक्तिशाली तूफान हगिबिस के कारण लोगों की मौत पर सभी भारतीयों की ओर से शोक व्यक्त करता हूं। मैं कामना करता हूं कि इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान और तबाही की भरपायी जल्द हो। मोदी ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि जापान के लोग अपनी तैयारी और जुझारू क्षमता तथा प्रधानमंत्री शिंजो आबे के नेतृत्व की बदौलत इस आपदा के असर से प्रभावी तथा तेजी से निपटने में सक्षम होंगे। मोदी ने आबे को अपना मित्र बताया। मोदी ने ट्वीट किया कि भारत इस मुश्किल घड़ी में जापान के साथ एकजुटता से खड़ा है। जापान की निर्धारित यात्रा पर गए भारतीय नौसेना के कर्मी तत्काल सहायता देना चाहेंगे।

## 44 लाख की लागत से होगी सांसदों के आवासों की मरम्मत

**एजेंसी. नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की मुख्य निर्माण एजेंसी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) लुटियंस दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू में स्थित सांसदों के आवासों की मरम्मत कराएगा और इसपर करीब 44 लाख रुपये का खर्च आएगा। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सीपीडब्ल्यूडी पर लुटियंस दिल्ली में बंगलों के मरम्मत की जिम्मेदारी है।विभाग के अनुसार काम को पूरा करने के लिये एक निजी एजेंसी की सेवा ली जाएगी और इसमें दो महीने लगेंगे। अधिकारी ने बताया कि नॉर्थ एवेन्यू में शीघ्र सांसदों के बंगलों की मरम्मत की जाएगी। इस काम को पूरा करने का काम जिस एजेंसी को दिया जाएगा, वह सिर्फ स्वीकृत ब्रांडों के सामानों का ही इस्तेमाल करेगी। उन्होंने बताया कि मलबों को तुरंत हटाया जाएगा और निजी एजेंसी उसका निस्तारण करेगी। विभाग ने हाल ही में 36 नए डूप्लेक्स फ्लैट का निर्माण किया है। प्रत्येक फ्लैट में चार शयनकक्ष, लिफ्ट, रसोईघर समेत कार्यालय क्षेत्र भी हैं।

### अमित शाह राज्यों के आतंकवाद रोधी दस्तों के शीर्ष अधिकारियों को आज करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा हटाए जाने के बाद पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों से बढ़ते खतरे के बीच विभिन्न राज्यों के आतंकवाद रोधी दस्तों (एटीएस) के शीर्ष अधिकारियों को आज सोमवार को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी संबोधित करेंगे। इसमें आतंकवाद के खिलाफ विस्तृत कार्य योजना बनाने और विभिन्न राज्यों की एटीएस के बीच सहयोग बढ़ाने पर बातचीत हो सकती है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री उद्घाटन भाषण देंगे जिसमें वह आतंकवाद के बढ़ते खतरों को लेकर केंद्र सरकार की रूपरेखा को रेखांकित कर सकते हैं। राज्यों की एटीएस के शीर्ष अधिकारी अपनी आतंकवाद रोधी रणनीतियों और इस तरह की आपात स्थितियों से निपटने की कार्य योजना पर प्रस्तुति देंगे।

## पोप फ्रांसिस ने भारतीय नन मरियम थ्रेसिया, चार अन्य को किया संत घोषित

एजेंसी ⏭ वेटिकन सिटी

पोप फ्रांसिस ने वेटिकन सिटी में एक भव्य समारोह में भारतीय नन मरियम थ्रेसिया और चार अन्य को रविवार को संत घोषित किया। मई 1914 में केरल के त्रिसूर में 'कॉनग्रिगेशन ऑफ द सिस्टर्स ऑफ द होली फैमिली' (सीएचएफ) की स्थापना करने वाली मरियम थ्रेसिया को सेंट पीटर्स स्क्वायर में एक समारोह के दौरान सदियों पुराने इस संस्थान के सबसे ऊंचे पद का सम्मान दिया गया। केरल की नन के साथ ही ब्रिटिश कार्डिनल जॉन हेनरी न्यूमैन, स्विस लेवुमन मार्गरेट बेज, ब्राजील की सिस्टर डुल्स लोप्स और इतालवी सिस्टर ग्यूसेपिना वानीनि को भी संत की उपाधि से विभूषित किया गया। पोप फ्रांसिस ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज अपने नये संतों के लिए हम ईश्वर के शुक्रगुजार हैं। इस समारोह के दौरान सेंट पीटर्स के बेसिलिका से पांच नये संतों की विशाल तस्वीरें लटकाईं गईं। इस समारोह में लाखों लोग शामिल हुए। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने समारोह में भारतीय शिष्टमंडल की अगुवाई की।

### जांच...



श्रीनगर : मोटरसाइकिल चालकों के दस्तावेजों की जांच करते हुए सुरक्षाबल कर्मी।

## शिवसेना अपने विचार व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र है : यादव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




भाजपा के महासचिव भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि शिवसेना अपने विचार व्यक्त करने और अपना मुख्यमंत्री होने की इच्छा जताने के लिए स्वतंत्र है लेकिन विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और यह बात सहयोगियों को बता दी गई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रभारी यादव, शिवसेना के नेताओं की उन टिप्पणियों के बारे में पूछे गये सवालों का जवाब दे रहे थे, जिनमें उन्होंने कहा था कि भविष्य में महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री उनकी पार्टी से होगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल अपनी आकांक्षाओं को लेकर बात करने को स्वतंत्र है। यादव ने पत्रकारों से कहा कि प्रत्येक पार्टी अपने भविष्य के बारे में बात कर सकती है और अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त कर सकती है। लेकिन यह चुनाव महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। यह बात पूरे गठबंधन को स्पष्ट कर दी गई है। सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी राजनीति में विश्वास करती है जहां उसके सहयोगियों के लिए भूमिका और स्थान हो।

### एनएचएआई दिल्ली पुलिस को लिखेगा पत्र

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर जल्द ही 120/100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फर्राटा भरेंगे वाहन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली से इंदिरापुरम , ग्रेटर नोएडा और हिंडन आने - जाने वाले जल्द ही दिल्ली - मेरठ एक्सप्रेस - वे पर 120/100 किलोमीटर की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस राजमार्ग पर गति बढ़ाने के लिए जल्द ही दिल्ली पुलिस को पत्र लिखने की तैयारी में है। एक्सप्रेस - वे पर लगे मौजूदा साइन बोर्ड के अनुसार , वर्तमान में एक्सप्रेस पर हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 70 किमी प्रति घंटा और



भारी वाहनों के लिए 40 किमी प्रति घंटा है। इस कदम से उन लोगों को राहत मिलेगी जो इस राजमार्ग पर 60 किमी से अधिक की रफ्तार होने पर दिल्ली पुलिस की ओर से ई - चालान भेजने की शिकायत करते हैं। आम जनता से मिल रही शिकायतों के मद्देनजर , कल्याणपुरी सर्किल के यातायात निरीक्षक (दिल्ली पुलिस) ने सितंबर में एनएचएआई को पत्र लिखकर राजमार्ग पर 60 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति सीमा के साइन बोर्ड लगाने के लिए कहा था। कुछ दिन बाद इस संबंध में स्मरण पत्र भी भेजा था। नए मोटर वाहन अधिनियम में तय सीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने पर जुर्माने को 400 रुपये से बढ़ाकर 5,000 कर दिया गया है। यातायात निरीक्षक के पत्र के जवाब में, एनएचएआई ने दिल्ली पुलिस को 13 सितंबर को पत्र लिखकर गति सीमा को 120 किमी और 100 किमी करने के लिए कहा था। एनएचएआई गाजियाबाद परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) में परियोजना निदेशक / महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी) आर. पी. सिंह के मुताबिक, दिल्ली पुलिस आयुक्त को इस संबंध में जल्द पत्र भेजा जाएगा। जिसमें एक्सप्रेस - वे के हिस्से की गति सीमा 70/50 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 120/100 किमी प्रति घंटा करने का सुझाव दिया जाएगा। सिंह ने पत्रकारों को बताया कि एनएचएआई मुख्यालय से एक पत्र भेजा जाएगा। पिछले महीने दिल्ली - मेरठ एक्सप्रेस - वे के तीसरे चरण के उद्घाटन के दौरान इस संबंध में पत्र भेजने का फैसला लिया गया है। इससे पहले, गतिसीमा बढ़ाने के लिए 13 सितंबर को एनएचएआई की ओर से विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) को पत्र भेजा गया था। राजमार्ग प्राधिकरण ने पत्र में कहा कि दिल्ली - मेरठ एक्सप्रेस - वे 120/100 किलोमीटर घंटा की रफ्तार से चलने के लिहाज से तैयार किया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109